नई दिल्ली

शनिवार 17 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 275
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 27.0
न्यून. 8.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,570.35 | 187.64 ▼ |
| निफ्टी | 25,694.35 | 28.75 ▲ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,46,200/- | 1100/- ▼ |
| चांदी | 2,92,600/- | 3600/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.84 | 50 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 64.49 बैरल | 1.44% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।


GOVERNMENT OF ASSAM

Revolutionising Connectivity with Care for Nature



Bhoomipujan

35-km Elevated Corridor across Kaziranga

&

Four-lane upgradation of

Kaliabor-Numaligarh (86 km) section of NH-715

Improving **regional connectivity** while ensuring protection of Kaziranga National Park's **rich biodiversity**

Total Project Cost more than ₹6,950 crore

Flagging off of New Trains

Amrit Bharat Express



Dibrugarh ⟷ Gomti Nagar

Kamakhya ⟷ Rohtak

Enhancing Assam's rail network further with rest of the country

Chief Guest

Shri Narendra Modi
Prime Minister

in august presence of

Shri Lakshman Prasad Acharya, Governor, Assam
Dr Himanta Biswa Sarma, Chief Minister, Assam
Shri Sarbananda Sonowal, Union Minister, Ports, Shipping & Waterways
Shri Pabitra Margherita, Union Minister of State, External Affairs, etc.
Shri Krishnendu Paul, Minister, AH&V, etc., Assam & Guardian Minister, Nagaon
Shri Atul Bora, Minister, Agriculture, etc., Assam
Shri Keshab Mahanta, Minister, Revenue & DM, etc., Assam
Shri Charan Boro, Minister, Welfare of Bodoland, etc., Assam
Shri Dilip Saikia, MP, Darrang-Udalguri HPC
Shri Kamakhya Prasad Tasa, MP, Kaziranga HPC



18 January 2026 11 AM

Mouchanda Pathar, Niz Chilabandha, Kaliabor

DIPR/D/HBI/769/17/JAN-26

Published by Directorate of Information and Public Relations, Assam | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in

The event will be telecast live on DD News

## पांच नाबालिग समेत आठ दबोचे

# जैतपुर में चाकू से गोदकर एक की हत्या, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जैतपुर में गुरुवार देर रात सोशल मीडिया पोस्ट पर कमेंट से उपजे विवाद में दो पक्षों के दर्जनों लोग आपस में भिड़ गये। इस दौरान हुई चाकूबाजी में एक शख्स की जान चली गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये पांच नाबालिगों समेत कुल आठ लोगों को पकड़ा है।

पुलिस के अनुसार जैतपुर पुलिस को गुरुवार देर रात हुई एक हिंसक चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना में 21 साल के एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मृतक कृष्णा साहू के सीने, कंधे और पीठ पर जानलेवा चाकू के घाव लगे थे। उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर में मृत घोषित कर दिया गया। सनी (21) के पेट और जांघ में चोटें आई। प्रिंस (19) को मामूली चोटें आई है। फिलहाल दोनों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि देर रात लगभग 11:18 बजे जैतपुर के धर्मशाला रोड पर मारपीट के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली थी। जांच पड़ताल में पता चला कि यह झगड़ा दो पक्षों के बीच एक आपसी जान-पहचान वाले को लेकर हुए पर्सनल विवाद से शुरू हुआ था। मुख्य आरोपी जिसकी पहचान दीपक के रूप में हुई है, कथित तौर पर इस घटना से पहले शिकायतकर्ता प्रिंस (19) को सोशल मीडिया के जरिए परेशान कर रहा था। समझौते की मीटिंग के बहाने पीड़ित रात 11 बजे दूसरे ग्रुप से अग्रवाल धर्मशाला के पास मिले। मीटिंग के दौरान कहा-सुनी शुरू हो गई जो जल्दी ही मारपीट में बदल गई। बाद में आरोपियों ने पीड़ितों पर चाकू से हमला किया और फिर मौके से भाग गए। क्राइम टीम ने घटनास्थल की जांच की और जरूरी सबूत जुटाए। संबंधित धाराओं के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा के बाद आशीष (24) निवासी गांव मीठापुर पेशे से ग्राफिक डिजाइनर और 17 वर्षीय नाबालिग को पहले पकड़ा गया। कुछ ही घंटों बाद हमले में शामिल बाकी छह आरोपियों का भी पता लगा उन्हें दबोच लिया गया। कुल आठ आरोपी पकड़े गये हैं जिनमें पांच नाबालिग हैं।

## राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं सुगम्य सहायक योजना के तहत लगे रिकॉर्ड कैंप : इंद्राज



नई दिल्ली। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बवाना विधानसभा क्षेत्र के पंजाब खोड़, दिल्ली में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि पंजाब खोर क्षेत्र में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत पात्र एवं जरूरतमंद बुजुर्गों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है, ताकि वे सम्मानजनक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। उन्होंने बताया कि कैंप के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें व्हीलचेयर, वॉकर, व्हील बेयर कमोड चेयर, कान की मशीन, चश्मा, सिलिकॉन फोम तकिया, स्पाइनल सपोर्ट बेल्ट, नी प्रेस, सर्वाइकल कॉलर सहित अन्य आवश्यक सहायक किट शामिल थीं। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय संकल्प और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशों के अनुरूप दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक आवश्यक सहायक उपकरणों से वंचित न रहे।

# अवैध हथियार निर्माण गिरोह का किया भंडाफोड़ , पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में सक्रिय गैंगस्टरों और कुख्यात अपराधियों को हथियार मुहैया करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश स्पेशल स्टाफ, साउथ वेस्ट द्वारा किया गया है। 20 देशी कट्टे और दर्जनों कारतूस बरामद हुये हैं। यह गिरोह ना सिर्फ अवैध हथियारों का निर्माण करता था बल्कि इसकी आपूर्ति में भी शामिल था। गिरोह से जुड़े पांच लोगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के अनुसार गणतंत्र दिवस समारोह से पहले अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शुरू किए गए एक विशेष अभियान के तहत की गई कार्रवाई में हत्या सहित जघन्य अपराधों के आरोप में पांच संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इनके पास से 20 देसी कट्टे, 12 कारतूस और हथियार निर्माण सामग्री जब्त हुई है। चार जनवरी को कापसहेड़ा इलाके में पुलिस ने जाल बिछाकर सबसे पहले पालम निवासी भरत उर्फ भारु (35) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक पिस्तौल और एक कारतूस बमराद हुआ। उससे लगातार पूछताछ में एक बड़े पैमाने पर हथियार निर्माण गिरोह का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान भरत ने कथित तौर पर अशरफ अली (50) की संलिप्तता बताई, जो अपने साथियों के साथ मेरठ में अवैध हथियार निर्माण इकाई चला रहा था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने मेरठ के कैली गांव में छापेमारी की, जहां अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने बताया कि मेरठ निवासी अशरफ अली और सतीश (49) तथा मुजफ्फरनगर के उपेंद्र (32) को मौके से गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में द्वारका निवासी इम्तियाज (28) को गिरफ्तार किया गया, जिसने कथित तौर पर अपराधियों और गैंगस्टरों को अवैध हथियार मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जांचकर्ताओं ने कहा कि आरोपी एक खेत की जमीन पर संगठित रूप से फैक्ट्री चला रहे थे, जहां भारी मशीनरी और कच्चे माल का उपयोग करके उन्नत देसी पिस्टलबनाई जाती थी। हथियारों की आपूर्ति केवल मांग के अनुसार और वित्तीय लाभ के लिए अपराधियों को की जाती थी। पुलिस ने कहा कि सभी आरोपी पहले से आपराधिक पृष्ठभूमि के है। उपेंद्र, अशरफ अली और सतीश कथित तौर पर हत्या और अन्य मामलों में शामिल हैं, जबकि भरत पर हत्या की कोशिश और डकैती के कई मामले दर्ज हैं। इम्तियाज कथित तौर पर डकैती, लूटपाट और आर्म्स एक्ट के कई मामलों में शामिल है।

# अपहृत बच्चे को बचाया, आरोपी महिला सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिमी जिले की सुभाष प्लेस पुलिस ने अपहृत पांच वर्षीय एक बच्चे को सकुशल बचा लिया। इस सिलसिले में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कथित तौर पर बच्चे को कोलकाता में बेचने की योजना बना रहे थे। इनके नाम बिहार के खगड़िया जिले के रंजीत शाह उर्फ नीरज बेलदार (29) और काजल (29) बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने आसानी से पैसे कमाने के लालच में बच्चे का अपहरण किया था। काजल ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसने रंजीत शाह के साथ मिलकर यह साजिश रची थी कि वे बच्चे के माता-पिता होने का झूठा दावा कर उसे एक लाख रुपये में बेच देंगे। पुलिस के अनुसार, अपहरण के बाद आरोपी पटना और फिर कोलकाता गए, जहां उन्होंने बच्चे को बेचने की कोशिश की, लेकिन सौदा नहीं हो पाया। आरोपियों को उनकी आगे की यात्रा के दौरान बच्चे को बेचने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया। नौ जनवरी को पांच वर्षीय असद को शकूरपुर स्थित उसके घर से अगवा कर लिया गया था। असद के पिता मोहम्मद शाहिद (38) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। पुलिस को एक संदिग्ध महिला बच्चे के साथ दिखाई दी, जो बार-बार फोन कर रही थी। संदिग्ध महिला के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति की पहचान रंजीत शाह के तौर पर हुई। पुलिस को शाह की बिहार के खगड़िया में मौजूदगी का पता चला। खगड़िया भेजी गई पुलिस की एक टीम ने रंजीत शाह को चलती बस से पकड़ लिया। इस बीच, उसके 'कॉल डिटेल रिकॉर्ड' और तकनीकी जानकारी के आधार पर पता चला कि महिला, बच्चे के साथ ट्रेन से सफर कर रही है। इसके बाद एक टीम को कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन भेजा गया, जहां पता चला कि महिला और बच्चा वैशाली एक्सप्रेस में सवार हैं। उत्तर प्रदेश के टूण्डला रेलवे स्टेशन पर एक समन्वित अभियान के तहत महिला को पकड़ लिया गया और बच्चे को सकुशल छुड़ा लिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह सफल अभियान सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण, तकनीकी निगरानी और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार व पश्चिम बंगाल पुलिस के बीच अंतरराज्यीय समन्वय के निरंतर प्रयासों का परिणाम था।

# द्वारका एक्सप्रेस-वे व यूईआर-2 की जगह से काटे पेड़ों के बदले डीडीए ने कहां लगाए वृक्ष अथवा पौधेः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए पूछा है कि द्वारका एक्सप्रेस-वे व यूईआर-2 के निर्माण के चलते काटे गए पेड़ों के बदले दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने 2,18,070 वृक्ष अथवा पौधे कहां लगाए है। जिसके लिए नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने डीडीए को 142.87 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान भी किया था कि यहां से काटे गए पेड़ों की जगह नए 2,18,070 पौधे लगाने व रखरखाव की जिम्मेदारी डीडीए को दी थी। परंतु आज तक डीडीए ने इस संख्या के आधे भी पौधे नहीं लगाए है। यादव ने कहा कि एनएचएआई और दिल्ली सरकार के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में आधे से भी कम सिर्फ 1,00,613 पेड़ ही लगाने पर गंभीर सवाल उठाया जाना बीजेपी सरकार की प्रदूषण पर ढुल मूल नीति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के प्रयासों के लिए ग्रीन कवर बढ़ाना एक स्थाई उपाय है। लेकिन दिल्ली में भाजपा के कई इंजन वाली दिल्ली सरकार ग्रीन कवर बढ़ाने में घोषणाओं के अलावा अभी तक कुछ नहीं कर पाई है। अगर केन्द्र सरकार के अंतर्गत डीडीए दिल्ली में ग्रीन कवर बढ़ाने में ऐसी निष्क्रियता दिखाएगा, तो दिल्ली में प्रदूषण का कहर हमेशा बरपेगा। यादव ने कहा कि द्वारका एक्प्रेसवे के लिए काटे गए हजारों पेड़ों के बदले कंपनसेटरी प्लांटेशन के तहत डीडीए को 153990 पेड़ लगाने का काम 2020 में एनएसएआई ने दिया था। जिसके लिए अग्रिम भुगतान 87.77 करोड़ रुपये भी दिए गए, लेकिन मौके पर जांच के दौरान करीब 75000 पेड़ पाए गए। यादव ने कहा कि इसी तरह यूईआर-2 प्रोजेक्ट के लिए 2021 में 64,080 पेड़ लगाने की जिम्मेदारी डीडीए ने ली थी। लेकिन जाइंट इस्पेंक्शन में सिर्फ 24887 पेड़ ही पाए गए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में डीडीए द्वारा इस तरह की लापरवाही या भ्रष्टाचार अगर सामने आएगा तो लोगों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी कौन लेगा। यादव ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने वन महोत्सव के तहत 3 जुलाई को वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करके एक पेड़ मां के नाम के तहत 70 लाख पेड़ लगाने की शुरुआत की। जिसके तहत प्रत्येक विधानसभा में एक लाख पौधे लगाने थे, लेकिन उदघाटन समारोह में इवेंट मेनेजमेंट का दिखावा करने के बाद वृक्षारोपण अभियान बंद पड़ा है।

# चोरी की एसयूवी से पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ कार्रवाई में तीन वाहन चोर गिरफ्तार

पश्चिमी जिले की एएटीएस टीम के दो पुलिसकर्मियों को वाहन चोरों द्वारा चोरी की कार से कुचलने का प्रयास किया गया। इस दौरान दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद तीन अंतरराज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में विवेक विहार थाने में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार कुछ दिनों से एक किआ सेल्टोस का इस्तेमाल शहर में कई महंगी गाड़ियों की चोरी के मामलों में किया जा रहा था। एसयूवी पर नकली नंबर प्लेट लगाई गई थी। पिछले कुछ दिनों से यह संदिग्ध कार रात करीब 11 बजे विवेक विहार आईटीआई अंडरपास के पास बार-बार देखी जा रही थी। विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर एक टीम ने 15-16 जनवरी की दरमियानी रात को एएटीएस वेस्ट ने जाल बिछाया। जब पुलिस टीम ने वाहन को रुकने का इशारा किया तो आरोपी ने जान लेने के इरादे से वाहन को सीधे पुलिसकर्मियों की ओर बढ़ा दिया। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर लगने से हेड कांस्टेबल देवेंद्र और कांस्टेबल मनीष फुटपाथ पर जा गिरे और उन्हें चोटें आई। भागने की कोशिश में आरोपी ने सार्वजनिक वाहनों को भी टक्कर मारी, जिससे दहशत फैल गई और व्यस्त सड़क पर आने-जाने वाले लोगों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया। खतरे और चोट लगने के बावजूद टीम ने वाहन को घेर लिया और थोड़ी देर की जद्दोजहद के बाद तीनों आरोपियों को काबू में कर लिया। इनके नाम मशरूर (56), आसिफ (42) और अकील (40) पता चले। सभी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी चिकित्सा-कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। इस मामले में अलग से कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जांच के दौरान पता चला कि एसयूवी पिछले साल दो सितंबर को मुखर्जी नगर इलाके से चोरी हुई थी। इसके बाद एसयूवी का इस्तेमाल दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में चोरी और रेकी करने के लिए किया जा रहा था। इस संबंध में विवेक विहार थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## छेनू गिरोह का सक्रिय बदमाश पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी जिले की सिविल लाइंस पुलिस ने छेनू गिरोह के एक सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्तौल और चोरी किए गए 14 मोबाइल फोन बरामद हुये। सिविल लाइंस इलाके के मोनेस्ट्री मार्केट के पास चलाए गए अभियान के दौरान जान मोहम्मद उर्फ जानू (37) गिरफ्तार किया गया। डीसीपी राजा बंथिया के अनुसार जान मोहम्मद खजूरी खास इलाके का कुख्यात अपराधी है और पहले भी हत्या के प्रयास, डकैती, छीनी-झपटी और आर्म्स एक्ट सहित 14 आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि छेनू गिरोह का सदस्य स्थानीय झपटमारों से लूटे गए सामान लेने के लिए मोनेस्ट्री मार्केट के नजदीक आएगा। इस सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आउटर रिंग रोड पर जाल बिछाया और आधी रात के आसपास संदिग्ध को बुराड़ी की तरफ से आईएसबीटी की ओर मोटरसाइकिल से जाते देखा गया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो उसने भागने की कोशिश की और झाड़ियों में कूद गया। इससे उसे चोटें आई। थोड़ी देर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी के दौरान एक देसी पिस्तौल और चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद हुए। जिस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल बदमाश कर रहा था, वह भी चोरी की थी। इस संबंध में हौज खास थाने में पहले ही ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह छेनू गिरोह के सक्रिय सदस्य वसीम हस्मत अली के साथ मिलकर काम करता था और जेबकतरों से चोरी के मोबाइल फोन खरीदकर आगे बेचता था। वह सिविल लाइंस में दर्ज एक अन्य मामले में भी वांछित था। उसकी निशानदेही पर वजीराबाद स्थित उसके किराए के मकान से 10 और चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# डीडीए के तीसरे अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने उड़ाई पतंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश के गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में यमुना किनारे बसे बांसेरा के मैदान में पतंगबाजी का आनंद लिया। शाह के साथ दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य दिल्ली सरकार के कई मंत्री व भाजपा नेता मौजूद थे। मौका था दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आयोजित तीसरे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 के आयोजन का। गृहमंत्री अमित शाह ने आयोजन का उद्घाटन किया और जमकर पतंगबाजी का आनंद लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अगले वर्ष से पतंग उत्सव को और अधिक भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अमित शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए भारत में पतंगबाजी के इतिहास के बारे में बताया। उत्सव में विभिन्न आकार व विभिन्न प्रकार की रंग बिरंगी, छोटी बड़ी आकर्षक पंतगें देखने को मिली। आयोजन में भारत के अलावा कई देशों के पतंगबाजों ने भाग लिया। तीन दिन चलने वाले इस उत्सव में अभी देश विदेश के कई नामी गिरामी पतंगबाज अपनी पतंगबाजी का हुनर दिखाएगें। इस अवसर पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि महाकवि कालिदास से लेकर भारत की आजादी में पतंगबाजी की भूमिका को उजागर किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8–11 जनवरी तक पूरे देश ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया, जबकि आगामी एक वर्ष देश में सोमनाथ स्वाभिमान वर्ष मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 बार हमलों के बाद भी गगनचुंबी ध्वजा के साथ विद्यमान सोमनाथ मंदिर यह बताता है कि विध्वंस करने वालों से निर्माण करने वालों की शक्ति बहुत बड़ी होती है। शाह ने कहा कि हमला करने वाले मिट गए, लेकिन सोमनाथ मंदिर सम्मान के साथ उसी स्थान पर आज भी खड़ा है, क्योंकि सोमनाथ मंदिर सनातन संस्कृति की अजरता-अमरता का प्रतीक है। इस अवसर पर गृह मंत्री ने देशवासियों, विशेष रूप से किसानों को मकर संक्रांति, पोंगल, लोहड़ी, माघ बिहू और उत्तरायण की शुभकामनाएं दीं। अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में देश के अलग-अलग किस्मों के बाँस से सुसज्जित सुंदर प्राकृतिक स्थान बांसेरा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रहा है। यह उद्यान इस बात का परिचायक है कि यदि कोई व्यक्ति अपने संकल्प को जमीन पर उतारने के लिए कृतनिश्चय हो जाए, तो कैसे शानदार परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बांसेरा उद्यान का उपयोग बढ़ाने के लिए तथा दिल्ली के लोगों को उनकी ओर आकर्षित करने के लिए दिल्ली सरकार को यहाँ अच्छे आयोजन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यहाँ तीन पवेलियन हैं, जिनमें पतंगों का इतिहास और पतंगों का युद्धकालीन उपयोग भी प्रदर्शित किया गया है। जब साइमन कमीशन देश में आया था, तब उसका देश में जोरदार विरोध हुआ था। साइमन गो बैक का नारा आजादी के आंदोलन का प्रतिघोष बन गया था। साइमन कमीशन का विरोध उत्तरायण के दिन 'इसी स्लोगन लिखी पतंग उड़ाकर विरोध किया था। भारतीयों ने पतंगों से पूरा आकाश भर दिया था और अंग्रेजों को अपनी ताकत का परिचय दिया था। शाह ने कहा कि पतंगोत्सव को सतत प्रयासों से और अधिक लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पतंगोत्सव देश की जनता को दिल्ली से जोड़ेगा और आगे चलकर यह पूरे देश का उत्सव बन सकता है। उन्होंने कहा कि पतंगोत्सव को दिल्ली और समूचे देश में विस्तार देने तथा दिल्ली के पतंगोत्सव को इसका केन्द्र बनाने के लिए एक समिति गठित करनी चाहिए, जो इसे लोकप्रिय बनाने और इसमें जनभागीदारी बढ़ाने के पहलुओं पर काम करे। उन्होंने कहा कि अगला पतंगोत्सव ऐसा हो जिससे इस उत्सव का स्थान देश और दुनिया के प्रमुख पतंगोत्सवों में अग्रणी स्थानों में शामिल हो।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद दिलदार पुत्रः मोहम्मद सिराज पताः मकान नं. 61, गली नं. 12, बंद गली, मंडावली, दिल्ली** ने case **FIR No. 80/2013 U/s 323/506/509 IPC, थानाः मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद दिलदार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद दिलदार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 80/2013 U/s 323/506/509 IPC, थानाः मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद दिलदार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
पूर्व जिला, कोर्ट नं. 16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/612/ED/2026 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ मोनू पुत्रः मामचन्द पताः पी–2/248, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 10/2021 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः मुंडका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ मोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ मोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 10/2021 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः मुंडका, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ मोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।


आदेशानुसार
श्री गौरव सिंघल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
पश्चिम, रूम नं. 355
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/392/OD/2026 (Court Matter)

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 13 दिनांक 15.01.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना महम रोहतक।**

**गुमशुदा पर ईनाम की घोषणा बारे**



नाम - पिंकी
पिता/पति- श्री सतीश
पता - निवासी गांव किशनगढ, महम जिला रोहतक
उम्र - 28 वर्ष।
कद - 5 फुट।
हुलिया - रंग गँहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला
शरीर जो लाल रंग का सूट सलवार पहने हुए।

दिनांक 15.01.2026 को पिंकी पुत्री श्री सतीश निवासी गांव किशनगढ महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम दिया जाएगा।

1. प्रबंधक थाना महम रोहतक - 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक - 7988741646

पीआरडीएच-1084/11/4360/2026/42115/88/7 दि. 16.01.26

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद चरखी दादरी | वार्ड नं. 17, एम.सी. चरखी दादरी में आर/सी फास्ट किड स्कूल वाली, महेन्द्र से प्रकाश और महेन्द्र से गुरमीत वाली गली, इन्द्रजीत 44' रोड और साथ लगती गली + 19 कार्य। | 13.01.2026 21.01.2026 | रु.4,64,00,590/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467874888 xenmcchdadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42105/I/88/7 दि. 16.01.26

नई दिल्ली
शनिवार 17 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 275
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 27.0
न्यून. 8.0



9 अंडर-19 वर्ल्ड कप: मजबूत शुरुआत के बाद आज बांग्लादेश के खिलाफ भारत दिखाएगा दम









## कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना लगभग तय

# भाजपा: राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए 19 को नामांकन, 20 जनवरी को होगी घोषणा

***अगर एक से ज्यादा नामांकन हुए तो 20 जनवरी को होगा मतदान***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने 'संगठन पर्व-2024' के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाते हुए इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया तय समय-सारिणी के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में संपन्न कराई जाएगी। माना जा रहा है कि भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को अध्यक्ष बनना लगभग तय है।

भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के लक्ष्मण की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, संगठन पर्व अब अपने अंतिम



चरण की ओर बढ़ रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पार्टी नेतृत्व ने इसे संगठन को और मजबूत करने तथा आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम बताया है।

चुनाव कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचक मंडल की सूची के आधार पर संचालित की जाएगी और सभी तय नियमों के अनुसार आगे बढ़ाई जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार 19 जनवरी को होगी। इच्छुक उम्मीदवार दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की समय-सीमा समाप्त होने के तुरंत बाद शाम 4 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों को अपने नामांकन वापस लेने का अवसर दिया जाएगा, जिसके लिए शाम 5 बजे से 6 बजे तक का समय ⏩ शेष पेज 5 पर

*संबंधों में तनातनी के दौर में डॉ. जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच 13 जनवरी को हुई पहली बातचीत*

# भारत-अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बातचीत में शामिल रहा व्यापार का मुद्दा

***संबंधों में तनातनी के दौर में डॉ. जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच 13 जनवरी को हुई पहली बातचीत***



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वर्तमान समय में टैरिफ से लेकर अन्य मुद्दों पर संबंधों में बने हुए तनाव के दौर में भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों डॉ. एस. जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच बातचीत हुई है। जिसमें दोनों के द्विपक्षीय मुद्दों जैसे व्यापार, रक्षा, जटिल खनिज, ऊर्जा और नागरिक परमाणु सहयोग पर चर्चा की गई है। साथ ही क्षेत्रीय घटनाक्रम पर भी दोनों शीर्ष नेताओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया है। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। जिसमें उन्होंने यह भी बताया कि डॉ.जयशंकर और मार्को रुबियो की यह वार्ता बीते 13 जनवरी को हुई थी। लेकिन बातचीत के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए आगामी वक्त में क्या भारत के विदेश मंत्री अमेरिका की यात्रा करेंगे या क्या अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा होगी? को लेकर जायसवाल ने कहा कि इस संबंध में जैसे ही यात्रा की कवायद को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उसके बाद मीडिया को एडवांस में सूचना दी जाएगी। दोनों देशों के बीच लगातार उच्च ⏩ शेष पेज 5 पर

### म्यांमार में पारदर्शी-समावेशी चुनाव के पक्ष में भारत

रणधीर ने ब्रीफिंग में कई अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार में समावेशी और पारदर्शी चुनावों के पक्ष में है। अभी फिलहाल चुनाव के दो चरण पूरे हो चुके हैं। जबकि कुछ अन्य होने बाकी हैं। भारत के पास पड़ोसी देश में चुनाव के दौर में वहां जाने के लिए (पर्यवेक्षक) लोग हैं। लेकिन जो अभी वहां गए हैं। वो लोग अपनी निजी क्षमता में वहां गए हैं। उनका मंत्रालय से कोई संबंध नहीं है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बनाए जा रही सीपैक परियोजना पर किए गए चीन के दावे को लेकर उन्होंने कहा कि शक्सगाम घाटी को लेकर भारत ने पहले ही अपना रुख मंत्रालय की पिछली ब्रीफिंग में दो टूक अंदाज में साफ कर दिया है। वर्तमान में इसमें किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं आया है। चीन की सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधि की भारत यात्रा जारी है और उन्होंने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ मुलाकात की है।

**काबुल में दूतावास में हुई सीडीए की नियुक्ति** : रणधीर ने बताया कि भारत और अफगानिस्तान के राजनयिक परिसरों (दूतावास) में चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। ⏩ शेष पेज 5 पर

## नगर निकाय चुनाव: 29 में से 20 महानगर पालिका में भाजपा बढ़त में, इंडी गठबंधन को झटका

# उद्धव-'राज' खत्म, महाराष्ट्र में महायुति की जीत

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब यह लगभग तय हो गया है कि पूरे देश में भाजपा का करंट है। हाल में केरल जैसे राज्य में तिरुवनंतपुरम में भाजपा का मेयर बना। और, अब महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) की महायुति ने इंडी गठबंधन यानी उद्धव-राज ठाकरे व शरद पवार-अजित पवार की पार्टियों को धूल चटा दी। करीब 25 साल बाद बृहन्मुंबई महानगरपालिका, जिसे बीएमसी के तौर पर भी जाना जाता है से ठाकरे परिवार मुंबई महानगरपालिका पर शासन से ही बाहर हो जाएगा। जो नतीजे हैं, उसके मुताबिक 29 महानगर पालिका में से 20 में भाजपा बढ़त में है। वहीं, पुणे में पवार परिवार को तगड़ा झटका लगा है। बीएमसी के चुनाव तय समय से करीब चार साल के अंतराल के बाद कराए गए हैं। माना जा रहा है कि चुनाव से पहले उद्धव व राज का मिलना भी बेकार गया। वजह साफ है कि दोनों ने महाराष्ट्र में मराठी मानुष का नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की थी। पर यह वोटरों ने ध्वस्त कर दिया। दोनों ने पर प्रांत व उत्तर भारतीयों के प्रति जो घृणा की राजनीति की, जो नकारात्मक राजनीति की, उसका भाजपा ने विकास की राजनीति से अंत कर दिया। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साफ कह दिया था कि महाराष्ट्र में रह रहे लोग महाराज शिवाजी राजे की ही संतानें हैं। उनको बांटा नहीं जा सकता है। माना जा रहा है कि बीएमसी का मेयर भी भाजपा ⏩ शेष पेज 5 पर

***पहाड़ से सागर तक, भारत का कोई भी हिस्सा हो, जनता हर जगह कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन को नकार रही है***



जीत पर सीएम देवेंद्र फडणवीस को मिठाई खिलाते महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण

### महायुति की बढ़त पर फडणवीस ने दी बधाई

महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों में भाजपा–शिवसेना महायुति बढ़त बनाए हुए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को फोन कर जीत की ओर बढ़ने पर बधाई दी। इसके अलावा, मुंबई महानगरपालिका चुनावों में भी महायुति की बढ़त पर सीएम फडणवीस ने मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमीत साटम से बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

*बीएमसी और महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों में महायुति और एनडीए की जीत के बाद भाजपा ने साधा विपक्ष पर निशाना*

## महाराष्ट्र में 'जेन-जी' ने 'विकसित भारत' के पक्ष में मतदान किया, बिखरा विपक्ष का इंडी गठबंधन: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को बीएमसी और महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों में भाजपा, महायुती और एनडीए की सफलता के बाद कहा कि विपक्ष का इंडी गठबंधन बिखर चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ और राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केरल, बिहार और अब महाराष्ट्र में मिली जीत विकसित भारत की दिशा में जनसमर्थन का प्रमाण है। जेन-जी ने भी भाजपा का समर्थन किया है और विपक्ष का इंडी गठबंधन बिखर चुका है। चुघ ने कहा कि जनता ने राष्ट्रवाद और मोदी सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है और कांग्रेस और राहुल गांधी की नकारात्मक राजनीति को मतदाताओं ने नकार दिया है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज बीएमसी चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगियों के साथ महायुती ने शानदार सफलता अर्जित की है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए के प्रति जनता की स्वीकार्यता ⏩ शेष पेज 5 पर

## प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल स्टार्टअप-डे पर किया संबोधित

# भारत की स्टार्टअप क्रांति भविष्य का आधार 10 साल में यह एक बड़े स्तंभ के रूप में उभरा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का स्टार्टअप ईकोसिस्टम पिछले एक दशक में एक सीमित विचार से निकलकर राष्ट्र निर्माण के सबसे बड़े स्तंभ के रूप में उभरा है। 'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विकास यात्रा को नए और विकसित होते भारत के भविष्य का आधार बताया है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स का समूह वास्तव में भारत के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर पेश कर रहा है।प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप आंदोलन की विनम्र शुरुआत को याद करते हुए बताया कि लगभग 10 साल पहले, इस कार्यक्रम की नींव विज्ञान भवन में रखी गई थी। उस समय यह पहल बहुत छोटी थी और इसमें भाग लेने वाले नौजवानों की संख्या महज 500 से 700 के बीच थी। पीएम मोदी ने कहा कि आज इस परिदृश्य में आया बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या और उनके विस्तार ने आयोजन स्थल को विज्ञान भवन से भारत मंडपम तक पहुंचा दिया है।



### स्टार्टअप उत्साहियों के लिए जगह कम पड़ने लगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह है कि भारत मंडपम जैसे विशाल आधुनिक केंद्र में भी स्टार्टअप उत्साहियों के लिए जगह कम पड़ने लगी है। यह बदलाव केवल स्थान का नहीं, बल्कि भारत की नवाचार क्षमता और वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप्स की स्वीकार्यता का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यंग इनोवेटर्स, जिन्होंने नए सपने देखने का साहस दिखाया, मैं उन सभी की बहुत-बहुत सराहना करता हूं।



## इंदौर जल प्रदूषण त्रासदी पर राहुल गांधी का दौरा, आज पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को मध्य प्रदेश के इंदौर दौरे पर रहेंगे। उनका यह दौरा हाल ही में सामने आई इंदौर जल प्रदूषण त्रासदी के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और हालात का प्रत्यक्ष जायज़ा लेने के उद्देश्य से हो रहा है। जाहिर है दौरे के अपने राजनीतिक निहितार्थ हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राहुल गांधी प्रातः 11:15 बजे इंदौर स्थित बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचेंगे, जहां वे दूषित जल के सेवन से बीमार हुए और उपचार ले रहे पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। इस ⏩ शेष पेज 5 पर

आम बजट की हलवा सेरेमनी अगले सप्ताह

## नॉर्थ ब्लाक स्थित प्रेस में ही छपेगा बजट कर्मचारी 15 दिन रहेंगे बिल्कुल क्वारेंटाइन

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय का पता भले ही बदल गया हो, लेकिन अत्यधिक गोपनीय बजट दस्तावेजों की छपाई पुरानी पते यानी नॉर्थ ब्लाक स्थित प्रेस में ही जारी रहेगी। वित्त मंत्री और उनकी अधिकांश टीम सितंबर 2025 में कर्तव्य भवन में स्थित आधुनिक केंद्रीय सचिवालय कार्यालय में स्थानांतरित हो गई। दरअसल, नए पते पर अभी तक कोई ऐसा प्रिंटिंग प्रेस नहीं है, जो सार्वजनिक नजरों से दूर हो। बजट 2026 और संबंधित दस्तावेजों की ⏩ शेष पेज 5 पर

*राजधानी में शुक्रवार को जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ हुई बैठक में बोले डॉ. जयशंकर*

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच लक्ष्यों को लेकर निकटता से काम करें भारत-जापान: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बेहद चिंताजनक वैश्विक माहौल के बीच शुक्रवार का दिन भारत और जापान के संबंधों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ है। नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों डॉ.एस.जयशंकर और तोशिमित्सु मोटेगी के बीच एक अहम द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें आपसी सहयोग से जुड़े व्यापार, तकनीक, कृत्रिम ⏩ शेष पेज 5 पर



### दोनों देश दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं

डॉ. जयशंकर ने बैठक को संबोधित करते कहा कि दुनिया के दो प्रमुख लोकतंत्र होने के साथ ही भारत-जापान विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी हैं। ऐसे में हमारे पास न केवल अवसर बल्कि बाध्यता के साथ जवाबदेही भी है कि हम अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार दें। ⏩ शेष पेज 5 पर

### वैश्विक मंचों पर साथ काम करने की इच्छा

उन्होंने कहा कि भारत, जापान के साथ अपनी मित्रता को शीर्ष प्राथमिकता के साथ महत्व देता है। बीते दो दशकों में हमने अपने संबंधों में सफलतापूर्वक बहुत अधिक सुधार किया है। जो कि पूर्व में शुरुआत में एक आर्थिक संबंध से हुई थी। जिसमें विस्तार से व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत, जापान के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे संयुक्त राष्ट्र, क्वाड, जी-4 की सदस्यता और जी-20 को लेकर उच्च-प्राथमिकता के साथ काम करने का इच्छुक है। जयशंकर ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक ढांचे के रूप में उभारने की नींव ⏩ शेष पेज 5 पर

### निर्माण से लेकर कई पाबंदियां लागू

# दिल्ली की हवा जहरीली होने से फिर लगा ग्रेप तीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली वालों के लिए एक बार फिर बड़ी परेशानियां खड़ी हो गई है। राजधानी की हवा जहरीली होने यानी प्रदूषण का ग्राफ बढ़ने के चलते वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली सहित एनसीआर में ग्रेप तीन को लागू कर दिया है। जिसके बाद राजधानी में निर्माण व विध्वंक गतिविधियों के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर रोक लग गई है।



गुरुवार के बाद शुक्रवार को जहरीली हवा का वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 354 दर्ज किया गया। जानकारी अनुसार प्रदूषण के बिगड़ते हालात को देखते हुए सीएक्यूएम की ग्रेप उप-समिति ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली एनसीआर में तत्काल प्रभाव से ग्रेप के चरण की पाबंदियों को लागू करने की घोषणा कर दी।

समिति के अनुसार यह प्रोएक्टिव कदम है, ताकि स्थिति और बिगड़े नहीं। जबकि पहले से लागू चरण एक व दो की पाबंदियां पूर्व की भांति लागू रहेगी। जानकारी अनुसार 15 जनवरी 2026 शाम 4 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 343 दर्ज किया गया था, जो 16 जनवरी शाम 4 बजे बढ़कर 354 पहुंच गया। वहीं भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) की भविष्यवाणी के अनुसार, धीमी हवाओं, स्थिर वायुमंडल, प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों और प्रदूषकों के फैलाव न होने से आने वाले दिनों में दिल्ली का औसत एक्यूआई 400 के पार जाकर गंभीर श्रेणी में प्रवेश कर सकता है। इसलिए दिल्ली एनसीआर में तत्काल प्रभाव से ग्रेप चरण- तीन के तहत एक्यूआई 401-450 के सभी उपाय लागू कर दिया गया है। चरण तीन की पाबंदियों में प्रमुख उपायों में बीएस - तीन पेट्रोल और बीएस- चार डीजल वाहनों पर प्रतिबंध, निर्माण गतिविधियों पर सख्ती, स्टोन क्रशर और खनन कार्यों का बंद होना, स्कूलों में कक्षा 5वीं तक हाइब्रिड मोड में पढ़ाई, सरकारी कार्यालयों के समय में बदलाव की संभावना और अन्य स्त्रोतों से उत्सर्जन कम करने के कड़े कदम शामिल हैं। एनसीआर के सभी प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी उपायों को तेजी से लागू करें और स्थिति पर लगातार नजर रखें।

## कड़ाके की ठंड व कोहरे से बेहाल राजधानी

नई दिल्ली। दिल्ली के साथ साथ एनसीआर में शुक्रवार सुबह कड़ाके की ठंड, घने कोहरे और जहरीली हवा के ट्रिपल अटैक ने लोगों की हालत खराब करके रख दी। दिल्ली में न्यूनतम तापमान गिरकर 4.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है। सुबह दिल्ली के सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस और पालम में 2.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। हालांकि दिन में सूरज ने एक फिर अपनी चमक बिखेरी और लोगों को कुछ हद तक सर्दी से राहत दी। सूरज की चटक चमक के चलते दिन में अधिकतम तापमान बढ़कर 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं, दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 के पार रहा। जबकि कई इलाकों में विजिबिलिटी बहुत कम, तो कई जगहों पर विजिबिलिटी शून्य रही। राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के शहरों में आज शुक्रवार सुबह कड़ाके की ठंड के बीच भयंकर कोहरा नजर आया। कोहरा इतना ज्यादा है कि दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी बहुत कम रही। उधर, तापमान भी लगातार गिर रहा है, जिस वजह से पूरा एनसीआर सर्दी से जकड़ा हुआ है। आज दिल्ली का न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 12 महीने सातों दिन काम कर रही दिल्ली सरकार: रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने के लिए 12 महीने, सातों दिन काम कर रही है। इसके लिए अल्प व दीर्घकालीन विस्तृत योजनाएं बनाकर उन्हें प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में वायु प्रदूषण के नियंत्रण को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लंबी है इसलिए सभी निकाय भी पूरी रणनीति बनाकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदूषण के खिलाफ इस लड़ाई में केंद्र सरकार का मार्गदर्शन व सहयोग भी मिल रहा है, इसलिए वायु प्रदूषण की चुनौती से निर्णायक रूप से निपटने के लिए व्यापक व समयबद्ध योजना पर कार्य चल रहा है। इस प्रयास से प्रदूषण में सुधार होगा और लोगों के स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी। बैठक में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह, मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित डीडीए, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, पर्यावरण विभाग, उद्योग, परिवहन व अधिकतर विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभाग प्रमुखों से प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए बनाए गए ब्लू प्रिंट के हिसाब से प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए और कहा कि इन्हें समयबद्ध क्रियान्वित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण पर प्रभावी रूप से नियंत्रण पाने के लिए दिल्ली सरकार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्र सरकार का मार्गदर्शन लगातार मिल रहा है। दोनों सरकारें चाहती हैं कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जाए, इसलिए न तो कोई अड़चन है और न ही बजट की कमी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार चार वर्षों की अवधि में वायु प्रदूषण (पीएम 2.5) के स्तर में पर्याप्त कमी लाने के लिए एक स्पष्ट, मापने योग्य और परिणाम-उन्मुख कार्य योजना पर कार्य कर रही है।

## लोकतांत्रिक जवाबदेही को देखते हुए, बुलाया भी जा सकता है सदन का विशेष सत्र : विजेंद्र

**नई दिल्ली।** मामले की गंभीरता, दिल्ली विधान सभा की गरिमा तथा लोकतांत्रिक जवाबदेही को बनाए रखने की आवश्यकता को देखते हुए, सदन का विशेष सत्र भी बुलाया जा सकता है, क्योंकि इस विषय में सभी निर्णय केवल सदन के माध्यम से ही लिए जाने चाहिए कहीं और से नहीं। दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान यह बात की। गुप्ता ने आगे कहा कि दिल्ली विधान सभा सचिवालय द्वारा पंजाब फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के डायरेक्टर को औपचारिक नोटिस जारी किया गया है, जिसमें रिपोर्ट के आधार सहित विस्तृत उत्तर मांगा गया है। इसके लिए उन्हें 22 जनवरी तक का समय दिया गया है। गुप्ता ने स्पष्ट किया कि दिल्ली विधानसभा सदन इस मामले की विधि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देगा। गुप्ता ने जानकारी दी कि दिल्ली विधान सभा की विशेषाधिकार समिति ने इस मामले में कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। नेता विपक्ष आतिशी को कथित विशेषाधिकार उल्लंघन के संबंध में नोटिस जारी किया गया है और उनसे 19 जनवरी 2026 तक लिखित उत्तर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है। गुप्ता ने स्पष्ट किया कि विशेषाधिकार समिति को संदर्भ सदन के पटल पर ही भेजा गया था तथा आगे की सभी कार्यवाहियां, जिनमें वीडियो को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजना भी शामिल है।

# नजफगढ़ ड्रेन में हाई-टेक ड्रेजिंग मशीन तैनात : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यमुना नदी की सफाई और दिल्ली की बाढ़ प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने शुक्रवार को नजफगढ़ ड्रेन में अत्याधुनिक एम्फीबियन मल्टीपरपज़ ड्रेजर 'वॉटरमास्टर' और उसके साथ तीन हॉपर बार्ज को कमीशन किया। नजफगढ़ ड्रेन यमुना में जाने वाले कुल प्रदूषण का लगभग 70 प्रतिशत योगदान देता है। इस उन्नत ड्रेजिंग मशीनरी का शुभारंभ सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया। यह पहल यमुना की सफाई के लिए तकनीक-आधारित, बड़े पैमाने पर और निरंतर कार्रवाई की दिशा में एक निर्णायक बदलाव को दर्शाती है। इस अवसर पर मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि नजफगढ़ ड्रेन यमुना प्रदूषण का सबसे बड़ा स्त्रोत है। हम यमुना की सफाई को लेकर गंभीर हैं, तो इस ड्रेन का उपचार सर्वोत्तम उपलब्ध तकनीक और सतत निगरानी के साथ करना ही होगा। उन्होंने कहा कि यह एम्फीबियन ड्रेजर वैश्विक स्तर की ड्रेजिंग तकनीक का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी सोच परिणाम-आधारित है। यदि यह मशीन अपेक्षित प्रदर्शन देती है, तो यमुना नदी और उसके अन्य ड्रेनों में भी इसी तरह की उन्नत मशीनें तैनात की जाएंगी।

### मशीन पानी में प्रभावी ढंग से कर सकती है कार्य

फिनलैंड से आयातित यह एम्फीबियन मल्टीपरपज़ ड्रेजर एक अत्यंत बहुउपयोगी मशीन है, जो सूखी जमीन से लेकर 6 मीटर गहराई तक पानी में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकती है। यह ड्रेजिंग, रेकिंग, पाइलिंग, गाद (स्लज) हटाने और जलीय खरपतवार व हायसिंथ की सफाई जैसे कई कार्यों के लिए उपयुक्त है, जिससे यह नजफगढ़ ड्रेन जैसे जटिल और संकरे जल निकायों के लिए बेहद कारगर साबित होती है।

### 'यमुना की सफाई सिर्फ घोषणाओं से नहीं होगी'

सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मंत्री ने कहा कि यमुना की सफाई सिर्फ घोषणाओं से नहीं होगी, बल्कि ज़मीन पर लगातार और वैज्ञानिक कार्रवाई से ही संभव है। यह कमीशनिंग प्रदूषण नियंत्रण, ड्रेनेज क्षमता बढ़ाने और बाढ़ की रोकथाम के लिए स्थायी समाधान की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अत्याधुनिक ड्रेजिंग फ्लीट की तैनाती से यमुना के पुनर्जीवन के प्रयासों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है, साथ ही आगामी मानसून से पहले दिल्ली की बाढ़-रोधी तैयारियों को भी बड़ा बल मिलेगा।

## चारों श्रम संहिताओं के नियमों को जल्द दिया जाए अंतिम रूप : कपिल मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने असंगठित श्रमिकों, गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों तथा निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने और नियमों को केंद्र सरकार के नियमों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए। श्रम मंत्री ने इन श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए और सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रकाशन एवं अधिसूचना से संबंधित तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने चारों श्रम संहिताओं के नियमों को जल्द अंतिम रूप देने के लिए कहा। सामाजिक सुरक्षा संहिता में असंगठित एवं निर्माण श्रमिकों के लिए कल्याण बोर्डों के गठन तथा उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाए जाने का प्रावधान है। बैठक के दौरान सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 सहित श्रम विभाग द्वारा चारों श्रम संहिताओं के अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रकाशन एवं अधिसूचना से संबंधित तैयारियों की जानकारी कैबिनेट मंत्री को दी गई। बैठक में श्रम आयुक्त सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। श्रम मंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि असंगठित श्रमिकों, गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों तथा निर्माण श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ तेजी और पारदर्शिता के साथ पहुंचे।

हरियाणा सरकार
Industrial Training Institute

हरियाणा सरकार द्वारा बजट वर्ष 2025-26 में की गई घोषणा के अनुसार कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय, हरियाणा ने आम नागरिकों के लिए एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से अब सरकारी आई.टी.आई. की Library और Workshop सुविधाओं का उपयोग आम जनता भी कर सकेगी।



पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध सुविधाएं

नागरिक निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे
» सरकारी आई.टी.आई. की Library का उपयोग
» Workshop Equipment एवं Tools का इस्तेमाल
» Online पंजीकरण द्वारा सुविधाओं की Advance Booking

Registration Link: www.itiharyana.gov.in



सुविधा प्रारंभ होने की तिथि
5 दिसम्बर, 2025 से यह पोर्टल आम जनता के लिए आधिकारिक रूप से उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

यह हरियाणा सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, जो Skill Development को नई दिशा प्रदान करेगी।

निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

लाइफ Style

# भूमि वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज



मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा


**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



### तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

## यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

## खबर संक्षेप

### यूपी से 5 नई अमृत भारत ट्रेनों का शेड्यूल जारी



**चंदौली।** पूर्व मध्य रेलवे के पं. दीनदयाल जंक्शन के रास्ते चलने वाली तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के रूट व शेड्यूल को गुरुवार की रात जारी कर दिया गया। हालांकि इन पांचों में से दो ट्रेनें अलग रूट से जाएंगी। आम से खास बनाने वाली अमृत भारत ट्रेन हाई स्पीड के साथ आरामदायक सीट मिलेगी। इन ट्रेनों के परिचालन से त्योहार व छुट्टियों में लोगों को भीड़ भाड़ से राहत मिलेगी।

### दुनिया के सबसे ऊंचे शिवलिंग की स्थापना आज



**मोतिहारी।** दुनिया के सबसे ऊंचे शिवलिंग की 17 जनवरी को बिहार के मोतिहारी के कैथवलिया स्थित विराट रामायण मंदिर में स्थापना होगी। सहस्त्रालिंगम शिवलिंग की स्थापना के लिए पूजा पंडाल और वीआईपी पंडाल का निर्माण पूरा हो गया है। महावीर मंदिर समिति के सचिव सायन कुणाल ने बताया कि सीएम नीतीश कुमार 17 जनवरी को पूर्वाह्न 11.50 बजे मंदिर परिसर में पहुंचेंगे। सीएम हेलीकॉप्टर से शिवलिंग पर होने वाले पुष्प वर्षा देखेंगे।

### गौतमबुद्धनगर के आबकारी अधिकारी निलंबित



**गौतमबुद्धनगर।** यूपी सरकार ने शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग के मामलों को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है। प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल के निर्देश पर जनपद गौतमबुद्धनगर में तैनात जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार को निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के आदेश जारी किए गए हैं।

## अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

# रुपये लेकर पट्टा देने की बात सुनते ही सीएम योगी का चढ़ा पारा

सीएम योगी शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे, साथ ही निस्तारण के भी निर्देश दे रहे थे। जनता दर्शन में आए फरियादियों में से एक ने भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी शिकायतों के बारे में बताया।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

रुपए देकर पट्टा देने की बात सुनते ही सीएम योगी का पारा चढ़ गया। सीएम योगी ने मौके पर मौजूद अफसरों को कार्रवाई के आदेश दे दिए। सीएम योगी शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे, साथ ही निस्तारण के भी निर्देश दे रहे थे।

जनता दर्शन में आए फरियादियों में से एक ने भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी



शिकायतों के बारे में बताया। शिकायत लेकर आए फरियादी ने कहा, रुपये लेकर पट्टा दिए जा रहे हैं, ये सुनते ही सीएम योगी ने अफसरों को निर्देश देते हुए कहा, जिस गांव में भी रुपये लेकर पट्टा आवंटन की शिकायत हो, वहां तत्काल जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। लगातार दो दिन मकर संक्रांति/खिचड़ी महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधाओं के प्रबंधन तथा निगरानी में व्यस्त रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दर्शन का आयोजन किया।

### त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में शुक्रवार सुबह आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए उन्होंने त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। अपराध से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

### गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार

इसी क्रम में एक महिला ने आर्थिक तंगी को लेकर बिटिया की शादी की चिंता व्यक्त की तो योगी ने अधिकारियों से कहा कि बिटिया का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कराने की व्यवस्था करें। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्चस्तरीय इलाज का आकलन शीघ्रता से उपलब्ध कराए। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

## रक्षा कंपनियां उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित

# यूपी में तैयार होंगे स्वदेशी हथियार और ड्रोन, योगी सरकार ने तेज की जमीन आवंटन की प्रक्रिया

योगी सरकार उत्तर प्रदेश को प्रमुख डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए सक्रिय है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत लगभग 1000 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटित की जा रही है, जिससे 3.5 हजार करोड़ का निवेश अपेक्षित है। झांसी, अलीगढ़, चित्रकूट और लखनऊ नोड्स में कंपनियां स्वदेशी हथियार, ड्रोन और रक्षा उपकरण बनाने के लिए निवेश कर रही हैं। यह पहल रोजगार सृजित करेगी और 'आत्मनिर्भर भारत' को मजबूत करेगी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब देश के प्रमुख 'डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब' के रूप में अपनी पहचान पुख्ता कर रहा है। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश के बढ़ते उत्साह को देखते हुए लगभग 1000 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटित करने की योजना बनाई है। सरकार की त्वरित निर्णय प्रक्रिया और पारदर्शी नीतियों के चलते देश-विदेश की रक्षा कंपनियां यूपी की ओर आकर्षित हो रही हैं, जिससे राज्य में करीब 3.5 हजार करोड़ के नए निवेश की संभावना प्रबल हो गई है।

**खास बातें**

- यूपी डिफेंस कॉरिडोर में 1000 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटन
- झांसी, चित्रकूट में स्वदेशी हथियार, ड्रोन उत्पादन पर जोर
- 3 .5 हजार करोड़ निवेश से रोजगार और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी



### रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया दौर

यूपीडा के अनुसार, कॉरिडोर में निवेश के लिए लगातार नए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं और सरकार के पास पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इस पहल से न केवल रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' अभियान को मजबूती मिलेगी, बल्कि हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इसके अलावा, स्थानीय एमएसएमई और स्टार्टअप्स को भी ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा।

### झांसी बना निवेशकों का पसंदीदा नोड

यूपी डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत झांसी नोड निवेशकों की पहली पसंद के रूप में उभरा है। यहां 'गुडलक एस्ट्रा' द्वारा 1000 करोड़ और 'रेडवुड ह्यूजेस' द्वारा 700 करोड़ का बड़ा निवेश प्रस्तावित है। इन कंपनियों को करीब 500 एकड़ भूमि का आवंटन प्रस्तावित है, जो बुंदेलखंड क्षेत्र को डिफेंस इंडस्ट्रियल क्लस्टर के रूप में विकसित करने के विजन को मजबूती देगा।

### योगी सरकार की योजनाओं से बदली तस्वीर, गांव-गांव तक पहुंचा विकास

सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी सरकार आकांक्षात्मक विकास खंडों की तस्वीर बदलने में पूरी लगन से जुटी है। विकास अब कागजों तक सीमित न रहकर गांवों की जमीन पर साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश के कई पिछड़े और आकांक्षात्मक विकास खंडों में केंद्र व राज्य सरकार से प्राप्त प्रोत्साहन राशि का प्रभावी उपयोग कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, ऊर्जा, कौशल व आधारभूत सुविधाओं में ठोस बदलाव किया गया है।

**पिछड़े क्षेत्र बन रहे प्रेरणादायी विकास मॉडल:** इन प्रयासों का नतीजा है कि जो क्षेत्र कभी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझते थे, वे अब प्रेरणादायी विकास मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। योगी सरकार ने आकांक्षात्मक ब्लॉकों को परिणाम आधारित विकास की दिशा में आगे बढ़ाया है।

**शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार पर जोर:** विकास खंडों को प्रोत्साहन राशि से विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बरेली के मझगवां विकास खंड में दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की रचनात्मक क्षमता व वैज्ञानिक सोच को विकसित करने एस्ट्रोनॉमी लैब का बनाया गया । इससे ग्रामीण बच्चों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने का अवसर मिला है।

## सीएम नीतीश ने किया बड़ा ऐलान

# 1 करोड़ को मिलेगी नौकरी, महिला योजना की राशि बढ़ाने की घोषणा



एजेंसी ▶▶ बेतिया

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बहुप्रतीक्षित समृद्धि यात्रा की शुरुआत शुक्रवार को पश्चिम चंपारण के बेतिया से हुई। जिला मुख्यालय कुमारबाग पहुंचकर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की गहन समीक्षा की और जीविका दीदियों से रू-ब-रू होकर संवाद किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 10,000 रुपए की सहायता राशि भेजी थी। सीएम ने घोषणा की कि जो रोजगार में अच्छा कर रहे हैं उनकी राशि बढाई जाएगी।

### केंद्रीय बजट में बिहार को तरजीह

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के सहयोग को बिहार के विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को योजनाओं की सौगात दी और उनके क्रियान्वयन में कोई कमी नहीं छोड़ी। बजट में बिहार को तरजीह मिल रही है, गरीबों के लिए घर बन रहे हैं, मुफ्त अनाज दिया जा रहा है और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि अगले पांच सालों में सरकार एक करोड़ नौकरी और रोजगार का सृजन करेगी।

### महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता

नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले न तो स्कूलों में शिक्षक थे और न ही भवन। एनडीए सरकार ने बड़े पैमाने पर स्कूल भवन बनवाए और शिक्षकों की बहाली की, जो आज भी जारी है।

## पेज एक का शेष

### भाजपाः राष्ट्रीय अध्यक्ष ...

निर्धारित किया गया है। सोमवार को ही शाम 6:30 बजे पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी की ओर से एक प्रेस वक्तव्य जारी किया जाएगा, जिसमें नामांकन प्रक्रिया और चुनाव की आगे की स्थिति की जानकारी साझा की जाएगी। अंतिम चरण मंगलवार 20 जनवरी को होगा। यदि एक से अधिक उम्मीदवार मैदान में होते हैं, तो सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा। वहीं यदि केवल एक ही उम्मीदवार रह जाता है, तो उसी दिन भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। भाजपा नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह चुनाव पार्टी के संविधान और तय नियमों के तहत पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

### उद्धव-'राज' खत्म ...

से ही होगा। मुंबई के 24 वॉर्ड्स के लिए जिम्मेदार बृहन्मुंबई नगर निगम दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे अमीर नगर निगम भी है। इसका बजट कई राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कुल बजट से ज्यादा है। यह शहर के 2,050 किमी लंबे सड़क नेटवर्क के निर्माण और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। इसके अलावा, यह सात झीलों के माध्यम से पूरे मुंबई को पीने के पानी की आपूर्ति करता है और जल निकासी (सीवेज) का प्रबंधन करता है।

### महाराष्ट्र में 'जेन-जी' ...

लगातार बढ़ती जा रही है। कुछ दिन पूर्व केरल नगर निगम चुनावों में तिरुवनंतपुरम में भाजपा को बहुमत प्राप्त हुआ था और आज देश के, तथा संभवतः एशिया के सबसे बड़े नगर निगम बीएमसी में एनडीए और महायुती को जो अभूतपूर्व सफलता मिली है, उसके लिए भाजपा की ओर से महाराष्ट्र की जनता और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया जाता है। भाजपा सांसद ने कहा कि 'जेन-जी' ने वीबी' के पक्ष में मतदान किया है और 'वीबी' का अर्थ है विकसित भारत। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि इस चुनाव से एक और महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आया है। विपक्ष बताए कि क्या वास्तव में इंडी गठबंधन का अस्तित्व है? 2024 के बाद हुए चुनावों में दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन टूट गया। केरल में कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग लड़ीं, महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट की शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस एकजुट नहीं दिखे और बंगाल के आगामी चुनावों में भी किसी मजबूत गठबंधन की संभावना नजर नहीं आ रही है कि टीएमसी और कांग्रेस मिल कर लड़ेंगे। इंडी गठबंधन का किला ढहता नजर आ रहा है। वे वास्तविकता को देखने की क्षमता भी खोते जा रहे हैं। महाराष्ट्र की जनता ने जो समर्थन दिया है, उसके लिए भाजपा पूरी विनम्रता के साथ उनका आभार व्यक्त करती है।

तरुण चुघ ने कहा कि यह परिणाम राष्ट्रवादी शक्तियों की जीत है और परिणाम आने से पहले ही गांधी–नेहरू परिवार के युवराज राहुल गांधी ने पुराने राग को नए तरीके से अलापना शुरू कर दिया है। कभी कहते हैं ईवीएम गलत है, कभी चुनाव आयोग गलत है और कभी वोटर लिस्ट गलत है। राहुल गांधी के लिए संदेश साफ है कि गलत ईवीएम नहीं, बल्कि उनकी राजनीति गलत है, उनका इतिहास गलत है, उनकी हिमालयन मिस्टेक्स गलत हैं और उनकी नीतियां गलत हैं। पाकिस्तान की धुन पर भारत के भीतर ऑपरेशन के दौर में नागिन डांस जैसी राजनीति करना और विदेशी टूलकिट के तहत भारत के विरुद्ध अभियान चलाना गलत है।

### भारत-अमेरिका ...

-स्तरीय संवाद प्रक्रिया चल रही है। इसी के तहत वाशिंगटन डीसी में हमारे दूतावास के प्रतिनिधि भी अमेरिकी पक्ष से मुलाकात के साथ चर्चा करते रहते हैं। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगी। यहां बता दें कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का यह बयान बीते दिनों भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के उस वक्तव्य से जुड़ा हुआ है, जिसमें उन्होंने जल्द ही भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने की बात कही थी।

### म्यांमार में पारदर्शी ...

अफगानिस्तान के नई दिल्ली स्थित दूतावास में बीते 9 जनवरी को अफगानी चार्ज डी अफेयर ने अपनी जिम्मेदारी संभाली है। जबकि भारत द्वारा काबुल में जिस तकनीकी मिशन को दूतावास के स्तर पर उन्नत किया गया है। उसी मिशन के प्रभारी ने दूतावास में चार्ज डी अफेयर्स का पदभार ग्रहण किया है। दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। व्यापार और लॉजिस्टिक के मामले पर भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन उच्च-स्तरीय दौरे हो चुके हैं। जिसमें अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा भी शामिल है। इसके बाद उनके व्यापार, वाणिज्य मंत्री भी नई दिल्ली की यात्रा पर आए थे। उस दौरान दोनों देशों के बीच माल-ढुलाई (फ्रेट) कॉरिडोर के मुद्दे पर भी चर्चा की गई थी। वार्ता में फार्मास्युटिकल्स और फलों का मामला भी शामिल रहा।

**फिल्म निर्माण में कोई हस्तक्षेप नहीं** : चीन के साथ 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी इलाके में हुई सैन्य झड़प पर बनी सलमान खान स्टारर फिल्म को लेकर चीन की आपत्ति के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत में फिल्म निर्माण संबंधी प्रक्रिया की निगरानी संबंधित प्राधिकरण करते हैं। जिनमें सरकार का कोई दखल नहीं रहता है। यूरोपीय परिषद और आयोग के अध्यक्ष की आगामी भारत यात्रा में दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौता होने से जुड़े प्रश्न पर जायसवाल ने कहा कि भारत-ईयू एफटीए पर बातचीत जारी है।

### इंदौर जल प्रदूषण ...

दौरान वे मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनका हालचाल जानेंगे तथा चिकित्सकों से उपचार की स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी लेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12:15 बजे राहुल गांधी भगीरथपुरा पहुंचेंगे, जहां वे जल प्रदूषण से प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद करेंगे। वे पीड़ित परिवारों की समस्याएं सुनेंगे और इस त्रासदी के कारण उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को समझने का प्रयास करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि यह दौरा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक गंभीर पहल है। पार्टी का आरोप है कि जल आपूर्ति व्यवस्था में भारी लापरवाही और प्रशासनिक चूक के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी इस दौरान राज्य सरकार से प्रभावित इलाकों में तत्काल स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और पीड़ितों को समुचित मुआवजा देने की मांग कर सकते हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। राहुल गांधी के इस दौरे को लेकर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पीड़ित परिवारों में उम्मीदें जगी हैं कि उनकी समस्याएं राष्ट्रीय स्तर पर उठेंगी और भविष्य में ऐसी त्रासदियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### नॉर्थ ब्लाक स्थित प्रेस ...

छपाई नार्थ ब्लाक में एक समर्पित सरकारी प्रेस में की जाएगी। पहले, दस्तावेजों की छपाई राष्ट्रपति भवन में होती थी, लेकिन 1950 में दस्तावेजों के लीक होने के बाद इसे राष्ट्रीय राजधानी के मिंटो रोड पर एक प्रेस में स्थानांतरित किया गया। 1980 में इसे नॉर्थ ब्लाक में स्थानांतरित किया गया। देश के बजट की छपाई सबसे गुप्त ऑपरेशंस में एक है। ऐसे में प्रिंटिंग स्टाफ को नॉर्थ ब्लाक के बेसमेंट में स्थित प्रिंटिंग प्रेस के अंदर दो सप्ताह तक क्वारेंटाइन रहना पड़ता है। इस दौरान कर्मचारी अपने परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों से न तो मिल सकते न ही बात कर सकते हैं। प्रिंटिंग प्रेस में एक लैंडलाइन फोन होता है, जिसमें सिर्फ इनकमिंग की सुविधा होती है। इसके अलावा, गिने-चुने अधिकारियों के अलावा यहां किसी को आने की अनुमति नहीं होती है। केंद्रीय बजट से पहले पारंपरिक हलवा सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। यह प्रिंटिंग प्रेस क्षेत्र में आयोजित होती है, इसी के साथ बजट दस्तावेजों की प्रिंटिंग की शुरुआत हो जाती है। इस बार हलवा सेरेमनी अगले सप्ताह होने की उम्मीद है।

### वैश्विक अनिश्चितता ...

बुद्धिमत्ता (एआई), लचीली सप्लाई चेन, रक्षा, ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, हाईस्पीड रेल, फाइव-जी, स्वास्थ्य और आमजन के बीच संबंधों के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई है। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि मौजूदा चिंताजनक माहौल में दोनों देश आर्थिक सुरक्षा सहयोग (सप्लाई चेन का मसला शामिल) को और अधिक मजबूत बनाने के पक्ष में हैं। जिसे लेकर भविष्य में एक कार्य समूह गठित किया जाएगा। साथ ही दोनों अपनी दोस्ती को केवल रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी तक सीमित समझते हैं। बल्कि दोनों पक्षों का मानना है कि इसकी झलक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान के वर्तमान और पूर्व प्रधानमंत्रियों फूमियो किशिदा और शिंजो आबे के बीच मजबूत व्यक्तिगत, राजनीतिक संबंधों में भी प्रदर्शित होती है। विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बैठक से पहले जापान के विदेश मंत्री मोटेगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की थी।

**जोखिम घटाने में मददगार सप्लाई चेन** : विदेश मंत्री ने आर्थिक सुरक्षा को आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता बताया और कहा कि हमारे दोनों देश इसे खासा महत्व देते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण ये है कि इसके जरिए कैसे स्वयं को और कैसे बाकी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को जोखिम से मुक्त किया जा सकता है? इसलिए हमने अपनी वार्ता में लचीली सप्लाई चेन के मामले पर चर्चा की है। साथ ही जटिल खनिजों, ऊर्जा, स्वास्थ्य और समुद्री सुरक्षा को भी हमने अपनी चर्चा में शामिल किया है। अगले साल 2027 में भारत और जापान अपने कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दोनों के बीच विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि हम अपनी वर्षगांठ के साथ इस मसले को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाएंगे।

**जल्द क्रिकेट की पिच पर मिलेंगे** : वहीं, जयशंकर ने जापानी विदेश मंत्री से वार्ता की शुरुआत में उनकी क्रिकेट की रुचि का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे यह जानकर बेहद खुशी हुई है कि आपकी क्रिकेट के खेल में व्यक्तिगत रुचि है। आपके गृह क्षेत्र में भी खेलने की एक जगह भी है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि एक दिन हम वहां पिच पर मिलेंगे। जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री को एक बैट भेंट किया। जबकि जापान के विदेश मंत्री ने उन्हें एक टी-शर्ट दी।

### दोनों देश ...

साथ ही वर्तमान में बने हुए अनिश्चितता के माहौल में यह और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत और जापान अपने साझा सामरिक लक्ष्यों को लेकर पहले के मुकाबले अधिक निकटता से काम करें।

### वैश्विक मंचों पर साथ ...

जापान के एक प्रधानमंत्री ने भारत की संसद में दिए गए भाषण के जरिए रखी थी। उन्होंने महासागर कदम का जिक्र करते हुए कहा कि महासागर एक रास्ता है और हिंद-प्रशांत को लेकर हमारा विजन जापान के एक खुले हुए, स्वतंत्र और अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों पर आधारित व्यवस्था के विजन से काफी मेल खाता है।

## अधिकारियों को मिली राहत

# हाई कोर्ट पहुंच गया ईडी झारखंड पुलिस विवाद

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची में ईडी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने अधिकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। संतोष कुमार ने ईडी के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है। जिसे लेकर गुरुवार को रांची पुलिस ईडी कार्यालय पहुंची थी। इसके बाद ईडी की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। इस मामले पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि ईडी ऑफिस में पुलिस की रेड पहली नजर में पहले से प्लान की हुई लगती है।



रांची की पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ ईडी ने झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट में ईडी ने दावा किया कि रांची पुलिस ने एक केंद्रीय एजेंसी के काम में सीधा दखल दिया है। इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों को राहत देते हुए रांची पुलिस की आगे की किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगा दी। हाई कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रांची पुलिस का ईडी ऑफिस पर छापा प्रथम दृष्टया पहले से प्लान किया हुआ लगता है।

## पश्चिम यूपी आएंगे किरेन रिजिजू

# उत्साहित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा स्नेह संवाद कराएगा



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पश्चिम उत्तर प्रदेश की बड़ी मुस्लिम आबादी को अपने पक्ष में करने भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई का एक सहयोगी पक्ष बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश के साथ लखनऊ में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के स्नेह संवाद से उत्साहित पार्टी कार्यकताओं ने पश्चिम यूपी में एक बड़ा सम्मेलन करने का कार्यक्रम बनाया है।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली ने कहा है कि पश्चिम यूपी में मुस्लिम आबादी सर्वाधिक है, जिन्हें अपने साथ जोड़ने के लिए हम काम कर रहे हैं। कुंवर बासित अली ने कहा है कि इस समाज को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सर्वाधिक लाभ मिला है, ऐसे में सभी जिलों में स्नेह संवाद कराया जाएगा। मुरादाबाद में प्रस्तावित बड़े सम्मेलन में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि मोर्चा की इस कसरत का फायदा पंचायत चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव तक होगा। बता दें कि पिछले दिनों लखनऊ में आयोजित अल्पसंख्यक स्नेह संवाद में रिजिजू काफी देर तक रहे साथ ही उन्होंने अन्य कार्यक्रमों में आने की भी सहमति दी।

## मुख्यमंत्री ने की पीडब्ल्यूडी की बैठक और प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा

# भवन व सड़कों के निर्माण में देरी स्वीकार नहीं, अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं से जुड़े सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने विभाग के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों और भवनों से संबंधित परियोजनाएं आम जनता की सुविधा से सीधे जुड़ी होती हैं, इसलिए गुणवत्ता के साथ-साथ समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों से कहा कि फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और जिन परियोजनाओं में अड़चनें आ रही हैं, उनका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यों की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### संतों और महापुरुषों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने संत व महापुरुषों की शिक्षाओं व उनके जीवन से जुड़े पहलुओं की जानकारी आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उनकी जयंतियों पर सरकारी तौर पर समारोह का आयोजन करने की शुरुआत कर समाज को सामाजिक समरसता का एक संदेश दिया है। इस दिशा में सरकार द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। सीएम शुक्रवार को विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी के नेतृत्व में उनके आवास पर (संत कबीर कुटीर) आए प्रतिनिधिमंडल को सम्बोधित कर रहे थे।

## चिंतन

# लोक कल्याण की राजनीति और कुशल प्रबंधन की जीत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों के नतीजे केवल स्थानीय सत्ता संतुलन का संकेत नहीं हैं, बल्कि वे राज्य और राष्ट्रीय राजनीति की दिशा को भी स्पष्ट करते हैं। खासतौर पर मुंबई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने यह संदेश दिया है कि लोक कल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ सशक्त आंतरिक प्रबंधन और संगठनात्मक अनुशासन आज की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। यह जीत भाजपा के लिए केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि उसकी रणनीति, नेतृत्व और जनविश्वास की पुष्टि है। लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। महाराष्ट्र में कुल 29 नगर निगमों के चुनावों में से 23 कॉरपोरेशनों में भाजपा-महायुति को स्पष्ट बहुमत मिला है। वहीं, मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 118 सीटें मिलती दिख रही हैं। बिहार के बाद महाराष्ट्र की जनता ने भी स्पष्ट संदेश दिया है कि एनडीए और भाजपा का नेतृत्व ही देश को सही दिशा दे रहा है। इस जीत ने दिखा दिया कि भाजपा की नीतियों, कार्यशैली और निर्णायक नेतृत्व पर देश की जनता का अटूट विश्वास है। लोगों को जनकल्याण और विकास ही चाहिए। अब वे परिवारवाद और खाली बयानबाजी करने वालों के झांसे में नहीं आने वाले। इस जीत ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के कद को भी बढ़ा दिया है। यह परिणाम कांग्रेस, उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और शरद पवार के लिए एक ओर खतरे की घंटी है, वहीं पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के नतीजों ने पवार पावर को लेकर स्पष्ट राजनीतिक संदेश दिया है। जिस पवार ब्रांड को कभी सत्ता के इन शहरी केंद्रों में अजेय माना जाता था, वह अब अकेले जीत की गारंटी नहीं रह गया है। इस बार यहां शरद पवार और अजीत पवार की अगुआई वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के रणनीतिक तालमेल के बावजूद वोटरों ने तगड़ा झटका दे दिया है। दूसरी तरफ, करीब 20 साल बाद करीब आए राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की जोड़ी भी कुछ खास दम नहीं दिखा पाई। चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया कि ठाकरे बंधुओं की जोड़ी जनता को भरोसे में नहीं ले सकी, यानी यह प्रयोग राजनीतिक तौर पर असफल रहा। भाजपा और उसके सहयोगियों का आगे रहना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी ने शहरी मतदाताओं की नब्ज को अच्छी तरह समझा। मुंबई, नागपुर और पुणे जैसे बड़े महानगरों में भारी बढ़त ने यह दिखा दिया कि भाजपा की पकड़ केवल ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि महानगरीय मतदाता भी उसकी नीतियों से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। इन शहरों में बुनियादी सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं और प्रशासनिक सुधारों ने मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला। बता दें कि महाराष्ट्र नगर निगम में 1997 से 2022 तक शिवसेना का वर्चस्व रहा और उसके 12 मेयर रहे। अब चार साल बाद चुनाव हो रहे हैं और भाजपा पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने जा रही है। एशिया की सबसे बड़ी मुंबई नगरपालिका का 74000 करोड़ का बजट देश के कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। कुल मिलाकर, महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आज की राजनीति में लोक कल्याण, सुशासन और कुशल संगठनात्मक प्रबंधन सबसे बड़े हथियार हैं। भाजपा की जीत केवल विरोधियों की कमजोरी का परिणाम नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक मजबूती और जनविश्वास की देन है।



ईरान बनाम अमेरिका

डॉ. घनश्याम बादल

# विनाशक युद्ध की आहट और दुनिया

> ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन अब केवल आर्थिक शिकायतों तक सीमित नहीं हैं। महंगाई, बेरोज़गारी और गिरती जीवन-स्तर की पीड़ा ने जिस असंतोष को जन्म दिया है, ईरान में जिस गति से महंगाई बढ़ी है, उससे वहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रसातल में जा चुकी है। अब तो विद्रोहियों के समर्थन में उमड़ता हुआ जन सैलाब सीधे-सीधे शासन व्यवस्था की वैधता पर सवाल बन चुका है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद यह पहली बार है, जब ईरान का धर्मतंत्र जनता के इतने बड़े हिस्से से वैचारिक रूप से कटता हुआ दिखाई देता है। महिलाओं, युवाओं, छात्रों और शहरी मध्यम वर्ग की भागीदारी ने इन प्रदर्शनों को साधारण विरोध से कहीं आगे पहुंचा दिया है और एक तरह से सीरिया जैसे हालातों की तरफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। जहां सरकार विरोधी विद्रोही हिंसा एवं आगजनी पर उतरे हुए हैं तथा सरकार के तख्त पलट के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। वहीं सरकार की प्रतिक्रिया भी उतनी ही कठोर से कठोरता होती जा रही है। इंटरनेट ब्लैकआउट, सामूहिक गिरफ्तारियां, सुरक्षा बलों की गोलीबारी और मृत्युदंड ये सब संकेत देते हैं कि ईरान में खामनेई सत्ता पर किसी भी कीमत पर नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

हालांकि ईरानी नेतृत्व इसे विदेशी साजिश करार देता है, लेकिन यह तर्क अब घरेलू स्तर पर भी असर खोता जा रहा है। सवाल यह नहीं कि विरोध क्यों हो रहे हैं, सवाल यह है कि क्या मौजूदा व्यवस्था उन्हें लंबे समय तक दबा पाएगी? आंतरिक उथल-पुथल के बीच अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर ख़तरनाक ऊंचाई पर पहुंच गया है। अमेरिका मानवाधिकार उल्लंघनों और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आधार बनाकर लगातार दबाव बना रहा है। प्रतिबंधों का नया दौर, सैन्य चेतावनियां और मध्य-पूर्व में अमेरिकी नौसैनिक तैनाती इस बात का संकेत हैं कि वाशिंगटन 'देखो और इंतजार करो' की नीति से आगे बढ़ने का विकल्प खुला रखे हुए है। हालांकि, यह समझना ज़रूरी है कि अमेरिका भी पूर्ण युद्ध नहीं चाहता। इसकी वज़ह वाशिंगटन की उदारता या शांतिप्रियता नहीं, अपितु यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-गाज़ा संघर्ष और घरेलू राजनीतिक दबावों के बीच एक और



बड़े युद्ध का बोझ उठाना वाशिंगटन के लिए आसान नहीं होगा। यही कारण है कि अमेरिका की रणनीति फिलहाल सीमित सैन्य कार्रवाई, आर्थिक दबाव और कूटनीतिक धमकियों तक सिमटी दिखती है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध अक्सर योजनाओं से नहीं, दुर्घटनाओं से शुरू होते हैं। यह तो तय है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच सीधा युद्ध होता है, तो उसके प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। ईरान के लिए इसका अर्थ होगा-तेल रिफाइनरियों, सैन्य ठिकानों और परमाणु संयंत्रों पर हमले, अर्थव्यवस्था का लगभग ठप हो जाना और संभवतः गृहयुद्ध जैसी स्थिति। बेशक सबसे भारी कीमत आम नागरिकों को चुकानी पड़ेगी, जिनके लिए शांति पहले ही दुर्लभ हो चुकी है। अमेरिका के लिए यह युद्ध सैन्य रूप से भले ही नियंत्रित रहे, लेकिन राजनीतिक और रणनीतिक रूप से महंगा साबित होगा।

मध्य-पूर्व में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे प्रतिशोध के निशाने पर होंगे। घरेलू स्तर पर युद्ध-विरोधी माहौल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की 'नैतिक नेतृत्व' वाली छवि को और भी ज़्यादा झटका लगेगा। इससे भी अहम बात यह है कि अमेरिका का ध्यान एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हटेगा, जो उसके दीर्घकालिक रणनीतिक हितों के विपरीत है। वैश्विक स्तर पर इसका सबसे तात्कालिक असर ऊर्जा बाजारों पर पड़ेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य में जरा-सी अस्थिरता भी तेल की कीमतों को 120–150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा सकती है। इसका सीधा अर्थ है -वैश्विक महंगाई, आर्थिक मंदी और विकासशील देशों पर असहनीय दबाव। यूरोप, जो पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, सबसे अधिक प्रभावित होगा। इस परिदृश्य में चीन और रूस की भूमिका भी समझना ज़रूरी है। दोनों ही देश ईरान के संकट को अपने-अपने रणनीतिक लाभ के रूप में देख रहे हैं। चीन अमेरिका को मध्य-पूर्व में उलझा देखना चाहता है ताकि एशिया में उसकी पकड़ ढीली पड़े। रूस के लिए यह पश्चिमी एकता को कमजोर करने और ऊर्जा कीमतों से लाभ उठाने का अवसर है, लेकिन चीन या रूस कोई भी ईरान के लिए अमेरिका से सीधा युद्ध लड़ने को तैयार नहीं है।

ईरान उनके लिए साझेदार कम, रणनीतिक साधन अधिक है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष चिंता का सबब है। तेल आयात पर निर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगाई का सीधा असर पड़ेगा। रुपये पर दबाव बढ़ेगा, शेयर बाजारों में अस्थिरता आएगी और खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा एक गंभीर प्रश्न बन जाएगी। साथ ही, ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह और अफगानिस्तान संपर्क जैसी रणनीतिक परियोजनाएं भी प्रभावित होंगी। हालांकि, संकट के बीच अवसर भी छिपे होते हैं। भारत की संतुलित और स्वायत्त विदेश नीति उसे एक संभावित मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है, लेकिन इसके लिए शर्त यह है कि भारत किसी भी खेमे में खड़ा होने की जल्दबाज़ी न करे।

अस्तु,, ईरान का संकट केवल एक देश की संप्रभुता एवं संकट की कहानी नहीं, उस वैश्विक व्यवस्था का आईना है, जहां दमन, असमानता और शक्ति-राजनीति मिलकर अस्थिरता को जन्म देती हैं। युद्ध शायद अभी टल सकता है, लेकिन उसके बीज बोए जा चुके हैं। सवाल यह नहीं कि दुनिया इस आग को देख रही है या नहीं, सवाल यह है कि क्या वह इसे फैलने से रोकने के लिए समय रहते कुछ करेगी।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व पुस्तक मेला

श्वेता गोयल



# रील्स के दौर में रीयल किताबें ही हैं शब्दों का सच्चा संसार

नई दिल्ली के हृदय स्थल भारत मंडपम में इन दिनों हवाओं में एक अलग ही सुंगध घुली हुई है। यह सुगंध किसी इत्र की नहीं, बल्कि पुरानी और नई किताबों के पन्नों, स्याही के अक्षरों और मानवीय मेधा के असीमित विस्तार की है। 10 से 18 जनवरी तक चलने वाला 53वां नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला केवल एक व्यावसायिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय मेधा और वैश्विक संस्कृति के मिलन का एक विराट अनुष्ठान है। पुस्तकें वह सेतु हैं, जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं और सभ्यताओं की स्मृतियों को जीवंत रखती हैं। डिजिटल क्रांति के इस प्रचंड वेग के बीच, जहां स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी हमारी आंखों को थकान दे रही है, वहां कागज के पन्नों पर अंकित शब्द एक शीतल छांव की तरह प्रतीत होते हैं। इस वर्ष के मेले की आत्मा 'भारतीय सैन्य इतिहासः शौर्य और ज्ञान @75' की थीम में रची-बसी है। यह विषय केवल युद्धों का लेखा-जोखा नहीं है बल्कि उस साहस और बुद्धिमत्ता का वंदन है, जिसने स्वतंत्र भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखा है। हॉल नंबर 5 में निर्मित थीम पवेलियन एक ऐसा गलियारा है, जो आगंतुकों को काल-यात्रा पर ले जाता है। यहां अर्जुन टैंक, आईएनएस विक्रांत और एलसीए तेजस की प्रतिकृतियों के बीच जब पाठक 21 परमवीर चक्र विजेताओं की गाथाओं से रूबरू होते हैं तो साहित्य और राष्ट्रभक्ति का एक अनूठा संगम निर्मित होता है। सैन्य इतिहास पर प्रदर्शित पांच सौ से अधिक पुस्तकें यह सिद्ध करती हैं कि तलवार की धार और कलम की शक्ति एक-दूसरे की पूरक हैं। शौर्य जब शब्दों में ढलता है तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बन जाता है। मेले का यह संस्करण कई मायनों में ऐतिहासिक है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) और आईटीपीओ के सहयोग से आयोजित इस मेले में पहली बार प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। यह निर्णय इस बात का परिचायक है कि ज्ञान पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए और जिज्ञासा की राह में अर्थ की बाधा नहीं आनी चाहिए। 'किताबों की दुनिया में कदम रखने के लिए अब जेब नहीं, बस जिज्ञासा चाहिए' का यह मंत्र भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 35 से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशकों की उपस्थिति इस मेले को एक वैश्विक मंच प्रदान करती है, जहां कतर 'गेस्ट ऑफ ऑनर' और स्पेन 'फोकस कंट्री' के रूप में अपनी सांस्कृतिक विरासत साझा कर रहे हैं। आज के दौर में एक विमर्श अक्सर सुनाई देता है कि 'जेन-जी' यानी नई पीढ़ी किताबों से दूर होकर स्मार्टफोन्स की दुनिया में खो गई है, किंतु भारत मंडपम के गलियारों में उमड़ती युवाओं की भीड़ इस धारणा को सिरे से खारिज करती है।

तकनीक के शोर में पले-बढ़े ये युवा पिक्सल्स के बजाय पन्नों में अपना भविष्य तलाशते दिख रहे हैं। कतर पवेलियन में हवा में तैरते अक्षरों की जादुई दुनिया को निहारते हुए या रस्साकसी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों की पुस्तकों में अपनी जड़ों को खोजते हुए ये युवा यह प्रमाणित कर रहे हैं कि डिजिटल चमक क्षणिक हो सकती है लेकिन शब्दों की गहराई शाश्वत है। युवाओं का यात्रा वृत्तांतों, क्लासिक साहित्य और अपराध गाथाओं के प्रति यह आकर्षण दर्शाता है कि मानवीय संवेदनाएं आज भी एक अच्छी कहानी की तलाश में रहती हैं। शिक्षा मंत्री ने डिजिटल समय में ज्ञान को सुलभ और समावेशी बनाने की जिस प्राथमिकता का उल्लेख किया, वह 'राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय' के रूप में साकार होती दिख रही है। 23 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध छह हजार से अधिक मुफ्त ई-पुस्तकें यह सुनिश्चित करती हैं कि भाषा अब ज्ञान के मार्ग में अवरोध नहीं बल्कि एक सेतु बने। टेक्स्ट-टू-स्पीच जैसी सुविधाओं के साथ यह समावेशी प्रयास उन लोगों तक भी साहित्य पहुंचा रहा है, जो शारीरिक सीमाओं के कारण अब तक इससे वंचित थे। यह तकनीकी प्रगति और पठन संस्कृति का वह संतुलन है, जिसकी आज के युग को सर्वाधिक आवश्यकता है। मेले का एक और भावुक पक्ष 'अनसुने नायकों' को दी गई श्रद्धांजलि है। 'द सागा ऑफ कुडोपलीः द अनसंग स्टोरी ऑफ 1857' जैसी पुस्तकों का विमोचन यह संदेश देता है कि इतिहास केवल राजाओं और महलों का नहीं होता बल्कि उन साधारण लोगों का भी होता है, जिन्होंने असाधारण बलिदान दिए। किताबों के पन्ने पलटते बुजुर्गों की मुस्कुराहट और युवाओं की आंखों में उमड़ती जिज्ञासा यह साफ कर देती है कि पठन संस्कृति का यह महाकुंभ आने वाले समय में एक शिक्षित और जागरूक समाज की आधारशिला बनेगा। यह मेला एक आह्वान है पुस्तकों की ओर लौटने का, विचारों को विस्तार देने का और शब्दों की इस अनंत यात्रा का हिस्सा बनने का।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समय के साथ 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं



संकलित

**दर्शन**

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

## भरे गिलास से, मंदिर की परिक्रमा



संकलित

**प्रेरणा**

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः

1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा?

महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## बागुरुम्बा डांसर



*पारंपरिक कपड़ों में बागुरुम्बा डांसर, बोडो समुदाय के बटरफ्लाई डांस के अब तक के सबसे बड़े परफॉर्मेंस के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश के लिए गोहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में रिहर्सल कर रहे हैं। शनिवार को पीएम मोदी मुख्य इवेंट देखने वाले हैं।*

## आज की पाती

### स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। - **रमेश यदु**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# ताकतवर देशों को सुधार के लिए आगे रहना चाहिए : संरा



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि दुनिया के सबसे ताकतवर देशों को सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए सबसे आगे रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करेंगे, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। संरा महासचिव गुतारेस ने बृहस्पतिवार को 193 सदस्यीय महासभा में 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर अपने भाषण में कहा, ''ऐसी संस्थाओं में सुधार होना चाहिए जो आज की दुनिया को दर्शाती हों। 1945 के समस्या समाधान के तरीकों से 2026 की समस्याओं का हल नहीं निकलेगा। अगर ढांचे हमारे समय, हमारी दुनिया, हमारी वास्तविकताओं को नहीं दिखाते हैं तो वे अपनी पहचान खो देंगे।'' उन्होंने समकालिक वास्तविकताओं को दिखाने के लिए वैश्विक संस्था में सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक जीडीपी में हिस्सा हर दिन थोड़ा–थोड़ा कम हो रहा है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आकार, ताकत और असर बढ़ रहा है। गुतारेस ने कहा, जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करते हैं, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## ऑफ बीट

# आसमानी बिजली के अलग-अलग रूप



सदियों से आसमानी बिजली लोगों का ध्यान खींचती रही है। यह (आसमानी बिजली) मिथक, धर्म और लोकप्रिय संस्कृति में बसी हुई है। बिजली तब उत्पन्न होती है जब बादलों में विद्युत आवेश का निर्माण होता है। यह कुछ हद तक वैसा ही है जैसे जब आप अपने बालों को कंघी करते हैं या ट्रैम्पोलिन पर कूदते हैं तो बाल खड़े हो जाते हैं, लेकिन बादलों में विद्युत आवेश के निर्माण की प्रक्रिया बहुत अधिक तीव्र होती है। बादलों में यह आवेश तब बनता है जब ठोस और तरल जलकण आपस में टकराते हैं, जो गर्म हवा ऊपर उठने और ठंडी हवा नीचे गिरने (संवहन) के कारण होता है। जब आवेश अत्यधिक बढ़ जाता है, तो बिजली हवा के माध्यम से प्रवाहित होती है, जिसे हम चमक के रूप में देखते हैं। हम बिजली की चमक तुरंत देख लेते हैं, लेकिन गरज की आवाज बाद में आती है। आवाज़ को एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग तीन सेकंड लगते हैं। चमक और गरज के बीच का समय देखकर बिजली की दूरी का अनुमान लगाया जा सकता है। वैसे, बिजली सिर्फ पृथ्वी पर ही नहीं पाई जाती; वैज्ञानिकों ने हाल ही में मंगल ग्रह पर भी इसे देखा है।

## ट्रेंड

### गठबंधन की प्रचंड जीत



महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की प्रचंड जीत यह बताती है कि जनता का विश्वास सिर्फ एनडीए की विकास नीति पर है। यह ऐतिहासिक सफलता, महायुति सरकार द्वारा प्रदेश में किए गए विकास और जनकल्याण के कार्यों पर जनता की मुहर है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### स्टार्टअप इंडिया का दशक



स्टार्टअप इंडिया ने एक दशक पूरा कर लिया है और यह भारत के विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण अध्याय का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित इस पहल ने डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को सशक्त बनाया है, 21 लाख रोजगार सृजित किए हैं।

- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### विकास की राजनीति



महाराष्ट्र की सभी 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि राज्य की जनता ने स्थिर नेतृत्व, सुशासन और विकास की राजनीति पर अपना भरोसा जताया है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### ज़ुल्म और अत्याचार



भाजपा अपने संगी-साथियों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में काशी की दाल मंडी में हर घर-दुकानदार को दल रही है। ये ज़ुल्म और अत्याचार जनता अब और नहीं सहेगी। सत्ता भी भाजपाइयों को सिर्फ़ पैसे कमाने के लिए ही चाहिए।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## रुपया 50 पैसे टूटकर 90.84 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** रुपये में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह 50 पैसे टूटकर 90.84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकसी से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अस्थिर वैश्विक रुख और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती ने विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी को तेज कर दिया जबकि घरेलू निवेशकों ने निचले मूल्य पर शेयरों की खरीद की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.37 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 90.89 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया।

## भारत के दम पर दक्षिण एशिया बना वृद्धि का सबसे चमकदार केंद्रः डब्ल्यूईएफ रिपोर्ट

■ वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में मामूली सुधार हुआ है लेकिन अनिश्चितताएं बरकरार हैं।

**नई दिल्ली।** हाल में वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में मामूली सुधार के बावजूद अधिकतर शीर्ष अर्थशास्त्री इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था के कमजोर पड़ने की आशंका जता रहे हैं लेकिन भारत के दम पर दक्षिण एशिया वृद्धि का सबसे चमकदार केंद्र बना हुआ है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। डब्ल्यूईएफ की दावोस वार्षिक बैठक शुरू होने से पहले जारी 'मुख्य अर्थशास्त्रियों का परिदृश्य' शीर्षक से जारी रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में मामूली सुधार हुआ है लेकिन अनिश्चितताएं बरकरार हैं। परिसंपत्ति मूल्यांकन, बढ़ता कर्ज, भू-आर्थिक बदलाव और कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाना अवसर और जोखिम दोनों पैदा कर रहा है। दुनिया भर की सार्वजनिक एवं निजी संस्थाओं के मुख्य अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वे में शामिल लगभग 53 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में इस वर्ष गिरावट आ सकती है। हालांकि सितंबर, 2025 में ऐसी राय रखने वाले मुख्य अर्थशास्त्रियों का अनुपात 72 प्रतिशत था।

## स्मार्टफोन, टीवी और लैपटॉप हो सकते हैं 8 प्रतिशत तक महंगे

■ विशेषज्ञों का मानना, मेमोरी चिप्स की बढ़ती मांग का पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** 1 फरवरी को बजट 2026 पेश किया जाएगा। एक तरफ लोगों को उम्मीद है इस दौरान स्मार्टफोन, टीवी और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामानों की कीमत घट सकती है तो वही दूसरी ओर इंडस्ट्री विशेषज्ञों और मार्केट विशेषज्ञों के अनुसार, स्मार्टफोन कंपनियों को मेमोरी चिप्स की बढ़ती मांग का असर महसूस हो रहा है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल से चिप्स की कीमतें ऊपर जा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले दो महीनों में स्मार्टफोन, टीवी और लैपटॉप की कीमतें 4-8 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं, जबकि नवंबर-दिसंबर में ये पहले ही 21 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। इंडस्ट्री के विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि इस साल कीमतों में बढ़ोतरी हर तिमाही या हर महीने होती रह सकती है। मार्केट रिसर्च फर्म के अनुसार, मेमोरी मार्केट अब 'हाइपर-बुल' फेज में है।

**नवंबर-दिसंबर में बढ़ी कीमतें:** वहीं, सुपर प्लसट्रोनिक्स के सीईओ ने कहा, "नवंबर में कीमतें 7 प्रतिशत बढ़ाईं, इस महीने 10 प्रतिशत बढ़ रही हैं और फरवरी में 4 प्रतिशत और बढ़ाने की योजना है।

## इन्फोसिस के सहारे शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 188 अंक चढ़ा

■ चुनिंदा दिग्गज कंपनियों में निकली खरीदारी
■ बाजार में दो सत्रों के बाद तेजी दर्ज की गई

**मुंबई।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चुनिंदा दिग्गज कंपनियों में लिवाली आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो सत्रों के बाद तेजी लौट आई। सेंसेक्स 188 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 29 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दो कारोबारी सत्र की गिरावट के बाद 187.64 अंक बढ़त के साथ 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 752.26 अंक उछलकर 84,134.97 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 28.75 अंक चढ़कर 25,694.35 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, "कमजोर रुपये और वैश्विक व्यापार से संबंधित मुद्दों को लेकर चिंताओं से प्रतिभागी सतर्क हैं। भू-राजनीतिक और व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निरंतर सतर्कता को दर्शाते हुए, कुल भागीदारी चुनिंदा एवं विशिष्ट शेयर तक ही सीमित रही।

## 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,46,200 रुपये

# साल 2050 तक सोना हो सकता है 40 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम, पहुंच से हो रहा दूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में सोने की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे यह धीरे-धीरे आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। दिल्ली, जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ जैसे शहरों में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,46,200 रुपए है। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव 1,31,790 रुपए के करीब चल रहा है। महंगाई जैसे-जैसे बढ़ रही है पैसे की वैल्यू भी कम होती जा रही है। अक्सर हम-आप यह कैलकुलेट कर रहे होते हैं कि 1 करोड़ रुपए की वैल्यू अगले दस या बीस सालों में कितनी रह जाएगी। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि 2050 तक सोने की कीमत कितनी रह जाएगी? जाहिर सी बात है कि पैसे की वैल्यू कम होगी तो आज आप 1 करोड़ रुपए से जितना गोल्ड ले पाएंगे, उतना आप अगले दस या बीस सालों में इतनी ही रकम में नहीं ले पाएंगे। ऐसे में सिर्फ पैसे बचाना ही काफी नहीं है, बल्कि महंगाई को समझते हुए स्मार्ट इन्वेस्टमेंट की प्लानिंग भी जरूरी है।

■ शादी-ब्याह में गोल्ड खरीदी के लिए 1 करोड़ रुपये भी पड़ जाएगे कम

### सोने से मिल रहा दमदार रिटर्न



बीते कुछ सालों में सोने की कीमतों में गजब का उछाल आया है। इससे इसके निवेशकों की संपत्ति भी कई गुना बढ़ी है। साल 2000 में 24-कैरेट सोने की कीमत सिर्फ 4,400 रुपए प्रति 10 ग्राम और 2020 में 10 ग्राम के 24 कैरेट सोने की कीमत 50,000 रुपए थी। वहीं, आज यह 1,40,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार चला गया है। यानी कि महज छह सालों में सोने की कीमतें लगभग तीन गुना बढ़ गई हैं। बीते 30 साल के आंकड़े भी यही बताते हैं कि भारत में सोने की कीमत सालाना औसतन 10.83 प्रतिशत कंपाउंड वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) रही हैं।

### रुपये के अवमूल्यन से बढ़ी कीमतें

रुपए का अवमूल्यन और महंगाई इसकी खास वजहें हैं। वैश्विक तनाव और अनिश्चितताओं और केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी से सेफ हेवन के रूप में सोने की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऐसे में इसकी कीमत भी अमेरिकी डॉलर में 5-7 प्रतिशत तक बढ़ी है। सोने पर दमदार रिटर्न को देखते हुए भी निवेशक इस ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### 2050 तक कितनी हो जाएगी कीमत?

सोना चूंकि अब 1.40 लाख के ऊपर है, तो अब यह 14.6 प्रतिशत सीएजीआर ग्रोथ रेट को दिखाता है। अगर अगले 25 सालों तक सोने की कीमतें इसी दर (14.6 प्रतिशत सीएजीआर) से बढ़ती रहीं, तो 2050 में 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 40 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। इसका मतलब है कि उस समय 1 करोड़ रुपए में सिर्फ 25 ग्राम सोना ही खरीदा जा सकेगा।

### कीमतों में वृद्धि के लिए कई कारक जिम्मेदार

हालांकि, ये कैलकुलेशन सिर्फ एक अनुमान है। सोने की कीमतें कई घरेलू और ग्लोबल फैक्टर्स पर निर्भर करती हैं, जैसे कि ब्याज दरें, डॉलर की स्थिति, सेंट्रल बैंक की नीतियां और ग्लोबल इकॉनमी। हालांकि, अनुमान के आधार पर देखे तो 2050 में सोने की कीमत 40 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से ज्यादा या कम हो सकती है।

### चांदी 3,600 रुपये की तेजी के साथ 2.92 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर, सोना फिसला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को चांदी की कीमत लगातार छठे दिन रिकॉर्ड तेजी के साथ 3,600 रुपये उछलकर 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। स्टॉकिस्टों की लगातार लिवाली के बीच चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर से नीचे आ गया और 1,100 रुपये घटकर 1,46,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,47,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। बृहस्पतिवार को चांदी 2,89,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर वैश्विक रुख के बावजूद लगातार औद्योगिक उठाव के कारण चांदी मजबूत बनी हुई। चांदी अब सिर्फ छह सत्रों में 20.16 प्रतिशत यानी 49,100 रुपये चढ़ चुकी है। आठ जनवरी को इसकी कीमत 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। चांदी लगातार दूसरे साल सोने से आगे रही और अबतक इसने 22.4 प्रतिशत का लाभ दिया है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना और चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बाद भू-राजनीतिक जोखिम कम होने से कीमतों में गिरावट आई। हाजिर सोना 12.46 डॉलर या 0.27 प्रतिशत घटकर 4,603.51 डॉलर प्रति औंस रहा।

## बीएसएनएल ने वायासैट से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारतीय नौसेना के उपग्रह संचार उन्नयन कार्यक्रम के अगले चरण को शुरू करने के लिए उपग्रह कंपनी वायासैट के साथ सहयोग किया है। यह कार्यक्रम इस महीने के अंत में शुरू होगा। बीएसएनएल और भारतीय रक्षा बलों के बीच हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत, भारतीय नौसैनिक मंचों के लिए उन्नत, मजबूत और सुरक्षित संपर्क प्रदान करने के लिए वायासैट की उच्च-आवृत्ति श्रेणी वाली केए-बैंड उपग्रह प्रणालियों का उपयोग इसकी मौजूदा निम्न-आवृत्ति श्रेणी वाले एल-बैंड अवसंरचना के साथ किया जाएगा। बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रॉबर्ट रवि ने कहा, "बीएसएनएल को वायासैट के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से उन्नत संपर्क समाधान प्रदान करके भारतीय नौसेना के उपग्रह संचार आधुनिकीकरण में सहयोग करने पर गर्व है।

## वृंदावन के संत गुरु प्रेमानंद महाराज से एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने की भेंट



**वृंदावन।** वृंदावन के प्रसिद्ध संत गुरु प्रेमानंद महाराज से हाल ही में देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने मुलाकात की। इस अवसर पर बच्चों के भविष्य, जीवन में सही लक्ष्य निर्धारण और संयम के महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई। गुरु प्रेमानंद महाराज ने कहा कि "बच्चे ही हमारे देश का आने वाला भविष्य हैं। उनके भीतर अपार संभावनाएं छुपी हैं। जीवन में सफलता के लिए सही लक्ष्य और संयम सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं।" उन्होंने नई पीढ़ी से नशे और गलत आदतों से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि जब युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं, तभी उनमें देश और समाज की सेवा का भाव जागता है। एलन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने महाराज जी को बताया कि उनके संस्थान से देशभर में लगभग 4 लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो महाराज जी के विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एलन में प्रतिदिन की शुरुआत प्रार्थना से होती है।


**सार्वजनिक सूचना**

आकाश हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U85100DL1994PTC063836
पंजीकृत कार्यालय:
हॉस्पिटल प्लॉट, रोड नंबर-201, सेक्टर-3, द्वारका, नई दिल्ली-110075
**विषय: मेडिकल रिकॉर्ड्स को नष्ट करना**

आकाश हेल्थकेयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, द्वारका, नई दिल्ली-110075 द्वारा 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक की मेडिकल रिपोर्ट्स को नष्ट किया जाएगा।
यदि आप इस बारे में कोई जानकारी लेना चाहते हैं या अपनी मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त करना चाहते हैं, तो कृपया इस सूचना के समाचारपत्र में प्रकाशित होने के एक महीने के भीतर नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें।

मोबाइल: +91 88000 15991
लैंडलाइन: +91 1143388888

Sd/
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 16-01-2026
डॉ. हरप्रीत कौर
चिकित्सा अधीक्षक



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम मूर्ति पुत्र** चीनू स्वामी, **निवासी** बी-5/701, सेक्टर-7, रोहिणी, दिल्ली **यहां भी:** मकान नं0-77, पॉकेट-11, ब्लॉक-एफ, सेक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली, ने **FIR No. 343/2018, U/S 287/304A IPC, पुलिस स्टेशन विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम मूर्ति** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम मूर्ति** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 343/2018, U/S 287/304A IPC, पुलिस स्टेशन विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राम मूर्ति** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.03.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उत्तर-पश्चिम,
कोर्ट नं0-109, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/647/RD/2026
(Court Matter)



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## गेल (इंडिया) लिमिटेड को आईजीएक्स ऊर्जा संवाद 2026 में 'प्रोप्राइटरी मेंबर ऑफ द ईयर' सम्मान




**नई दिल्ली।** गेल (इंडिया) लिमिटेड को इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम ऊर्जा संवाद 2026 में 'प्रोप्राइटरी मेंबरऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली मे आयोजित हुआ। गेल की ओर से यह पुरस्कार श्री सुमित किशोर, कार्यकारी निदेशक (गैस विपणन) ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के सदस्य श्री ए.के. तिवारी से प्राप्त किया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 54 रेलकर्मियों को किया गया सम्मानित



**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा शुक्रवार को 70वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह -2025 मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले 54 रेलकर्मियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया तथा उत्तर पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों/यूनिटों को अलग-अलग कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 21 शील्ड प्रदान किये। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार 70वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह -2025 उत्सव भवन, रेलवे अधिकारी क्लब, जगतपुरा, जयपुर में मनाया गया। श्री अमिताभ, महाप्रबन्धक द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 70वें राष्ट्रीय अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह 2025 में पुरस्कृत उत्तर पश्चिम रेलवे के 05 रेलकर्मियों का अभिनन्दन किया गया।


**आईसीएफ/एलएचबी बोगी फ्रेम और बोल्स्टर की शॉट ब्लास्टिंग और पेंटिंग**

**निविदा सं.: IMF-MP-PLG-NBQS-595।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:-** 06 महीने की अवधि के लिए सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप में बीआरएस सेक्शन में लगी शॉट ब्लास्टिंग मशीन के ऑपरेशन और मेंटेनेंस सहित आईसीएफ/एलएचबी बोगी फ्रेम और बोल्स्टर की शॉट ब्लास्टिंग और पेंटिंग का काम (शॉट, पेंट आदि जैसी उपयोग सामग्री को छोड़कर)। **विज्ञापित मूल्य:** ₹49,95,000/-; **धरोहर राशि:** ₹99,900/-। **ई-निविदाएं** 30-01-2026 को 15.00 बजे **बंद होंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगी।

सीडब्ल्यूएम/सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप/ न्यू बंगाईगांव
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।



## केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ऑटोमैटिक वेदर स्टेशनों के बड़े विस्तार की घोषणा की

भारत मौसम विज्ञान विभाग 2026 में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और पुणे में 50 एडब्ल्यूएस प्रत्येक की स्थापना करेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने प्रौद्योगिकी, सटीकता और लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपना 151वां स्थापना दिवस मनाया डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार सार्वजनिक सुरक्षा और शहरी नियोजन के लिए डेटा-संचालित, शहर-विशिष्ट मौसम पूर्वानुमान को प्राथमिकता दे रही है। पूर्वानुमान की सटीकता में 40-50 प्रतिशत से अधिक सुधार हुआ; चक्रवात ट्रैक भविष्यवाणी में बड़े लाभ हुए : डॉ. जितेंद्र सिंह सरकार आईएमडी की पहुंच का विस्तार करने के लिए ‘उत्कृष्टता केंद्र’ और नए क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करेगी


**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर MPS/SMU/GMU खानपान यूनिट्स के अनुबंधों के आवंटन के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है।

| ई-कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन एवं श्रेणीवार आरक्षण | ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| CTG-JAN-01-26 | विशेष लघु इकाइयाँ (एस एम यू) व बहुद्देशीय स्टॉल (एम पी एस) | (01) विशेष लघु इकाइयाँ (एस एम यू) व (16) बहुद्देशीय स्टॉल (एम पी एस) दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 29.01.2026 को 11:00 बजे |
| MPS-JAN-03-26 | बहुद्देशीय स्टॉल (एम पी एस) | (15) बहुद्देशीय स्टॉल (एम पी एस) दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 02.02.2026 को 11:00 बजे |
| MPS-JAN-04-26 | सामान्य लघु इकाइयाँ (जी एम यू) | (25) सामान्य लघु इकाइयाँ (जी एम यू) दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 03.02.2026 को 11:00 बजे |
| CTG-JAN-05-26 | सामान्य लघु इकाइयाँ (जी एम यू) व विशेष लघु इकाइयाँ (एम एम यू) | (19) सामान्य लघु इकाइयाँ (जी एम यू) व (06) विशेष लघु इकाइयाँ (एस एम यू) दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 04.02.2026 को 11:00 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://www.ireps.gov.in/(E-Auction-Leasing) | |

सं.: 23 AC/CTG/MPS POLICY 2017 दिनांक: 16.01.2026 174/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**TENDER NOTICE**
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 72, 73, 75, 77, 79, 80-2025-26-WV |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | 72) ADEN/TKD के तहत JNC-PWL सेक्शन पर भारी अतिक्रमण वाली जगहों पर घुसपैठ रोकने के लिए बाउंड्री वॉल फेंसिंग का निर्माण ADEN/TKD के तहत सेक्शन में यार्ड में रेल, स्लीपर, फिटिंग का कैजुअल रिन्यूअल, ओवरहॉलिंग और अन्य विविध कार्य।। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक वर्क। |
| | | 73) ADEN/DEE के तहत सेक्शन में यार्ड में रेल, स्लीपर, फिटिंग का सामान्य रिन्यूअल, ओवरहॉलिंग और अन्य काम। **कार्य की समान प्रकृतिः** किसी भी प्रकार का ट्रैक वर्क। |
| | | 75) ADEN/DEE के तहत SSE/W/GGN सेक्शन में गुड़गांव रेलवे स्टेशन पर हेल्थ यूनिट का निर्माण। **कार्य की समान प्रकृतिः** भवन/क्वार्टर का निर्माण। |
| | | 77) ADEN/TKD के तहत विभिन्न बड़े और छोटे पुलों की 2025-2026 के लिए सालाना मरम्मत। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| | | 79) ADEN/DEE के तहत SSE/W/GGN सेक्शन में स्टीम लोको हेरिटेज शेड रेवाड़ी में हेरिटेज रोलिंग स्टॉक के लिए भारी मरम्मत और रखरखाव सुविधाओं का विकास। **कार्य की समान प्रकृतिः** भवन/क्वार्टर का निर्माण। |
| | | 80) TTR (TSR) – 10 सेट (1:8.5 – 2 सेट और 1:12 – 8 सेट) ADEN/TKD के तहत NDLS- PWL सेक्शन के बीच |
| 2 | काम की अनुमानित लागत | 72) रुपये 7182821.77 73) रुपये 6994418.82 75) रुपये 21648713.87 77) रुपये 6034925.09 79) रुपये 61262280.85 80) रुपये 2825441.15 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट: रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 72) रुपये 143700.00 73) रुपये 139900.00 75) रुपये 258300.00 77) रुपये 120700.00 79) रुपये 456300.00 80) रुपये 56500.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 72) 12 महीने 73) 06 महीने 75) 06 महीने 77) 06 महीने 79) 06 महीने 80) 06 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 09.02.2026 को 15:00 बजे तक तथा 09.02.2026 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2025-26/NIT-72, 73, 75, 77, 79, 80-W-V
Date 16.01.2026
169/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 6111




**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6110 का हल**





# अंडर-19 वर्ल्ड कप: आज बांग्लादेश के खिलाफ भारत दिखाएगा दम

**भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी, दोपहर 1 बजे से मुकाबला**

एजेंसी ▶▶ बुलावायो

पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम शनिवार 17 जनवरी को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती के बावजूद जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। पांच बार की चैंपियन भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में अमेरिका को केवल 107 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। उसके बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ क्रीज पर लंबा समय बिताने की उम्मीद करेंगे क्योंकि अमेरिका के खिलाफ उन्हें खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिला।

### भारत के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प

बांग्लादेश को कमजोर नहीं आंका जा सकता है और उसकी टीम आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। म्हात्रे और 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी एक बार फिर उप कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज और वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ मिलकर बल्लेबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे। दीपेश, आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह और उद्धव मोहन के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प हैं, जबकि कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और मोहम्मद एनान जैसे खिलाड़ी स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह टूर्नामेंट 1988 में शुरू हुआ था और भारतीय टीम ने इसमें अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।



# निर्णायक मुकाबले में कुलदीप की फिरकी पर टिकी भारत की उम्मीदें

एजेंसी ▶▶ इंदौर

भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए अपने गेंदबाजी संयोजन पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है, क्योंकि पहले दो मैचों में उसके स्पिन गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि उसके बल्लेबाजों को कीवी टीम के धीमी गति के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए देखा गया। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने आसानी से जीत हासिल कर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली, जिसमें भारत की बीच के ओवरों की कमजोरियां उजागर हो गईं। इनमें सबसे अधिक संघर्ष कुलदीप यादव को करना पड़ा, जो न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के सामने ना तो नियंत्रण बना सके और ना ही विकेट लेने का खतरा पैदा कर सके। इस मैच में शतक लगाने वाले डैरिल मिचेल ने उनकी गेंदों पर आसानी से रन बटोरे। कुलदीप की 'लेंथ और लाइन' दोनों पर हमला किया गया, जिसमें विशेष रूप से मिचेल ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल करते हुए गेंद के टर्न को बेअसर किया और बीच के ओवरों में भारतीय रणनीति को नाकाम कर दिया।

- न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम वनडे कल दोपहर 12.30 बजे से



## खबर संक्षेप



### सोनी ओपन में येल्लामाराजू और राय का अच्छा प्रदर्शन

**होनोलूलू।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर सहित थीगला ने 2026 के पीजीए टूर में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और वह सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 73 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 104वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के कनाडाई खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने हालांकि अपने राउंड की शुरुआत डबल बोगी से करने के बावजूद तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच बर्डी लगाईं, एक डबल बोगी और दो बोगी की तथा नौवें होल पर ईगल के साथ अपना खेल समाप्त किया। वह संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय भी संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। उन्होंने भी तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। मौजूदा चैंपियन निक टेलर ने आठ अंडर 62 का स्कोर बनाकर केविन रॉय के साथ शुरुआती बढ़त साझा की है।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों का बहिष्कार खत्म

**ढाका।** बांग्लादेश के नाराज क्रिकेटरों ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों के कल्याण संघ के बीच सहमति बनने के बाद खेल के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए बहिष्कार खत्म कर दिया, जिससे शुक्रवार से बीपीएल टी20 के मैच फिर से शुरु हो गए। सीनियर खिलाड़ियों ने बीसीबी निदेशक नजमुल इस्लाम की उनके खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में बगावत कर दी थी, जिससे बोर्ड की शीर्ष टी20 लीग के ठप होने का खतरा पैदा हो गया था। बीसीबी ने स्थिति संभालने के लिए नजमुल को अपनी वित्त समिति के प्रमुख पद से हटा दिया, जिससे हालात कुछ हद तक नियंत्रण में आए।

## महिला प्रीमियर लीग: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 32 रन से जीता मुकाबला

# राधा व श्रेयंका चमकीं, आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई

भाषा ▶▶ नवी मुंबई

- राधा यादव ने 66 रन बनाए
- श्रेयंका पाटील को 5 विकेट

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राधा यादव (66 रन) के अर्धशतक और ऋचा घोष के साथ शतकीय भागीदारी के बाद ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल (23 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स को 32 रन से शिकस्त दी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली आरसीबी ने जीत की लय जारी रखते हुए तीसरे मुकाबले में लगातार तीसरी जीत हासिल की जबकि गुजरात जायंट्स को चौथे मैच में दूसरी हार झेलनी पड़ी। आरसीबी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राधा और ऋचा घोष (44 रन) के बीच पांचवें विकेट के लिए 105 रन की भागीदारी से सात विकेट पर 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। पर लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स की टीम श्रेयंका (3.5 ओवर में 23 रन देकर पांच विकेट) और इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल (चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने 18.5 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। टीम के लिए भारती फूलमाली 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। अरूंधति रेड्डी और नाडिन डि क्लर्क ने भी एक एक विकेट झटका। गुजरात की टीम ने कप्तान बेथ मूनी (27 रन) की मदद से आक्रामक शुरूआत की। लेकिन जल्द ही विकेट गिरने शुरू हो गए जिससे टीम ने 46 रन पर तीन विकेट खो दिए थे। टीम ने नौंवे ओवर में कनिका आहुजा (16 रन) का विकेट खोने के बाद 11वें ओवर में जॉर्जिया वारेहम (13 रन) के रूप में अपना पांचवां विकेट गंवा दिया जिससे स्कोर पांच विकेट पर 70 रन हो गया। भारती फूलमाली (39 रन) और काशवी गौतम (18 रन) ने मिलकर कुछ उम्मीद जगाई। लेकिन बेल ने 17वें ओवर में भारती को आउट कर स्कोर सात विकेट पर 139 रन दिया। इसके बाद से टीम उबर ही नहीं सकी और जल्द अपने बचे हुए विकेट गंवा दिए। तनुजा कंवर ने 21 रन का योगदान दिया लेकिन आरसीबी की गेंदबाजों के सामने कोई भी टिककर नहीं खेल सका। इससे पहले राधा और ऋचा उस समय बल्लेबाजी करने आई जब टीम को मजबूत भागीदारी की दरकार थी। उन्होंने एक महत्वपूर्ण शतकीय साझेदारी करके टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। शुरू में जल्दी विकेट गंवाने से टीम का स्कोर चार विकेट पर 43 रन था जिसके बाद राधा ने 47 गेंद में 66 रन और ऋचा ने 28 गेंद में 44 रन बनाए। इन दोनों की भागीदारी से गुजरात जायंट्स की गेंदबाज निराश हो गईं क्योंकि शुरू में वे प्रतिद्वंद्वी टीम को कम स्कोर पर रोकने की ओर बढ़ रही थीं। गुजरात जायंट्स की युवा तेज गेंदबाज काशवी गौतम ने 42 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने विकेट का फायदा उठाकर आरसीबी की बल्लेबाजों को परेशान किया। उनके अलावा सोफी डिवाइन ने 31 रन देकर तीन विकेट झटके।



**बेंगलुरु-182/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ग्रेस हैरिस पगबाधा बो काशवी | 17 |
| मंधाना का गायकवाड़ बो रेणुका | 05 |
| दयालन का शिवानी बो काशवी | 04 |
| गौतम पगबाधा बो डिवाइन | 09 |
| राधा का वारेहम बो डिवाइन | 66 |
| ऋचा का गार्डनर बो वारेहम | 44 |
| नाडिन का गायकवाड़ बो डिवाइन | 26 |
| अरूंधति रेड्डी नाबाद | 02 |
| श्रेयंका पाटिल नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 09
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 182रन
विकेट पतन : 1-26, 2-33, 3-39, 4-43, 5-148, 6-179, 7-180
गेंदबाजी: रेणुका सिंह 4-0-41-1, काशवी गौतम 4-0-42-2, एश्ले गार्डनर 4-0-32-0, सोफी डिवानइ 4-0-31-3, जॉर्जिया वारेहम 4-0-35-1

**गुजरात-150/10 (18.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| बेथ मूनी पगबाधा बो श्रेयंका | 27 |
| डिवाइन का एवं बो अरूंधति | 08 |
| कनिका पगबाधा बो श्रेयंका | 16 |
| एश्ले गार्डनर का ऋचा बो बेल | 03 |
| जॉर्जिया का राधा बो डि क्लर्क | 13 |
| भारती का हैरिस बो बेल | 39 |
| काशवी का हैरिस बो श्रेयंका | 18 |
| तनुजा का मंधाना बो श्रेयंका | 21 |
| शिवानी सिंह का रेड्डी बो बेल | 00 |
| राजेश्वरी गायकवाड़ नाबाद | 00 |
| रेणुका सिंह का रेड्डी बो श्रेयंका | 02 |

अतिरिक्त : 03
कुल योग : 18.5 ओवर में 150 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-34, 2-38, 3-46, 4-63, 5-70, 6-126, 7-139, 8-139, 9-148
गेंदबाजी : लॉरेन 4-0-29-3, लिन्से 2-0-27-0, अरूंधति 4-0-31-1, श्रेयंका पाटिल 3.5-0-23-5, नाडिन डि क्लर्क 3-0-30-1, राधा यादव 2-0-9-0

**आज पहले मैच में सिंदारोव से भिड़ेंगे गुकेश**

# टाटा स्टील मास्टर्स: भारतीय खिलाड़ियों की कड़ी परीक्षा

एजेंसी ▶▶ विज्क आन जी

विश्व चैंपियन गुकेश 2025 की अपनी असफलताओं को पीछे छोड़कर शनिवार 17 जनवरी से शुरू होने वाले टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में नई शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, जहां पहले दौर में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव से होगा। टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज प्रतिष्ठित टूर्नामेंट विश्व के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है। इसकी शुरुआत 1938 से हुई थी और 2011 से इसका आयोजन टाटा स्टील के बैनर तले किया जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों को इस बार टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

गुकेश ने 2024 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। वह टाटा स्टील टूर्नामेंट में पिछली बार हमवतन आर प्रज्ञानानंदा से टाइब्रेक में हार कर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार वह खिताब जीतने के लिए किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।



### प्रज्ञाननंदा का प्रदर्शन अपेक्षित नहीं

मौजूदा चैंपियन प्रज्ञाननंदा एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा है। इस प्रतियोगिता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी हैं, जो कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे, लेकिन 2025 के आखिर तक वह भारतीय खिलाड़ियों में रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहे। अर्जुन का लक्ष्य यहां अच्छा प्रदर्शन करके रैंकिंग में अपनी स्थिति को और मजबूत करना होगा।

### चिदंबरम का सामना ब्लूबाउम से

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम हैं, जो अपने करियर के सबसे मुश्किल टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। प्रज्ञाननंदा पहले मैच में अर्जुन से भिड़ेंगे जबकि चिदंबरम का सामना जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम से होगा। भारतीय खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड के अनीश गिरी, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जर्मनी के विन्सेंट कीमर जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस बार टूर्नामेंट में नई समय नियंत्रण प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत खिलाड़ियों को 40 चालें चलने तक कोई अतिरिक्त समय नहीं मिलेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2) (ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण उर्फ कन्नू पुत्र** श्री कमल वर्मा **निवास: F-98,** गली नं. 12, अध्यापक नगर, निहाल विहार, आउटर डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली ने **FIR No. 41222/2017 U/s 379/411 IPC., थाना: नाँगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करण उर्फ कन्नू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करण उर्फ कन्नू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 41222/2017 U/s 379/411 IPC., थाना: नाँगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करण उर्फ कन्नू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एश्वर्या सिंह कश्यप
जेएमएफसी-10, (पश्चिम), कमरा नं. 345
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/632/OD/2026
(Court Notice)

## कोपा डेल रे: रेसिंग सैंटेंडर को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा बार्सिलोना

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

रियाल मैड्रिड की कोपा डेल रे में हार के एक दिन बाद मौजूदा चैंपियन बार्सिलोना ने उलटफेर से बचते हुए दूसरे डिवीजन की शीर्ष टीम रेसिंग सैंटेंडर को 2-0 से हराकर इस फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल कोपा फाइनल में बार्सिलोना से हारने वाला रियाल मैड्रिड दूसरी डिवीजन की टीम अल्बासेटे से 3-2 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। बार्सिलोना की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसे अपना खाता खोलने के लिए एक घंटे से भी अधिक का इंतजार करना पड़ा। उसकी तरफ से फेरान टोरेस ने 66वें मिनट में पहला गोल किया जबकि लामिन यामल ने इंजरी टाइम के छठे और अंतिम मिनट में गोल करके बार्सिलोना की जीत पक्की कर दी। इस बीच रेसिंग के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए। पहला 77वें मिनट में और दूसरा 86वें मिनट में।



**ऑकलैंड ओपन**

## बाएज और मेनसिक में खिताबी मुकाबला, शेल्टन हुए बाहर





एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट ऑकलैंड ओपन के दो दिन तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। शेल्टन अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज से 7-5, 6-3 से हार गए, जो गैरवरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर हैं। बाएज ने शुक्रवार को बाद में हुए सेमीफाइनल में अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4 से हराया। बारिश के कारण खेल बाधित होने की वजह से तीन क्वार्टरफाइनल और दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन खेले गए। फाइनल में बाएज का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त याकूब मेनसिक से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में फैबियन मारोज़सन को 7-6 (9), 4-6, 6-1 से हराया। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स और दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अर्जुन पुत्र शान्तलाल, पता:** मकान नं. एफ–157 रघुबीर नगर, दिल्ली, **FIR No. 556/2014, U/s: 323/324/ 341/34 IPC, पुलिस थाना: राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन FIR No. 556/2014, U/s: 323/324/ 341/34 IPC, पुलिस थाना: राजौरी गार्डन, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
महानगर दण्डाधिकारी (पश्चिम)
कमरा नंबर 356, तीसरी मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17195/WD/2025
(Court Matter)

**नॉकआउट चरण में हो रहे रोमांचक मुकाबले, ओडिशा के अशुतोष को 4-2 से हराया**

# 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के टॉप-32 में चंडीगढ़ के नितिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टार बैडमिंटन अकादमी में जारी 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुष स्नूकर नॉकआउट चरण में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। अब चैंपियनशिप अंतिम 16 के मुकाबलों की ओर बढ़ रही है। इसमें देश के शीर्ष क्यू खिलाड़ियों के बीच कड़े और रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। चंडीगढ़ के नितिन शर्मा ने ओडिशा के पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन अशुतोष पाधी के विरुद्ध शानदार खेल दिखाया। पहला फ्रेम जीतकर नितिन ने बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे फ्रेम में 51 का ब्रेक लगाया, लेकिन अशुतोष ने वापसी करते हुए फ्रेम अपने नाम किया और स्कोर 1–1 कर दिया। अगले दो फ्रेम दोनों खिलाड़ियों ने बांटकर स्कोर 2–2 कर लिया। इसके बाद नितिन ने बेहतरीन पॉटिंग दिखाई और अगले दो फ्रेम आसानी से जीतकर मुकाबला 4–2 से अपने नाम किया तथा अंतिम-32 में जगह बनाई।



### फैसल खान छाए

पुरुष स्नूकर के नॉकआउट मुकाबलों में फैसल खान (आरएसपीबी) ने सुब्रत दास (ओडिशा) को 4–0, मनन चंद्रा (पीएसपीबी) ने शॉन डेविस (कर्नाटक) को 4–0, अनुराग गिरि (मध्य प्रदेश) ने शंकर राव (आंध्र प्रदेश) को 4–1, दिग्विजय कादियान (हरियाणा) ने बालकृष्ण (तेलंगाना) को 4–1, पंकज आडवाणी (पीएसपीबी) ने अक्षत गुसाईं (उत्तराखंड) को 4–0, आईएच मनुदेव (कर्नाटक) ने जे वरुण कुमार (तमिलनाडु) को 4–0, विजय निचानी (तमिलनाडु) ने रणवीर दुग्गल (चंडीगढ़) को 4–2, अभिषेक आहूजा (दिल्ली) ने मुस्ताक खान (आरएसपीबी) को 4–1, सुमेर मैगो (महाराष्ट्र) ने प्रतीक चौधरी (उत्तर प्रदेश) को 4–1, बीसी कार्तिक (कर्नाटक) ने मनीष जैन (पश्चिम बंगाल) को 4–2, ऋतिक जैन (मध्य प्रदेश) ने आदित्य शांडिल्य (महाराष्ट्र) को 4–2, पारस गुप्ता (उत्तर प्रदेश) ने अभिषेक बच्छेती (उत्तराखंड) को 4–1, यूनिस नाजिर (जम्मू-कश्मीर) ने पियूष कुशवाहा (मध्य प्रदेश) को 4–3, ओवैस कमरान (राजस्थान) ने गौतम वर्मा (पंजाब) को 4–3 से, अनमोलदीप सिंह (पंजाब) ने अशुतोष पाधी (ओडिशा) को 4–3 और उजैर खान (मध्य प्रदेश) ने आदित्य राजावत (कर्नाटक) को 4–1 से हराया।

### अंतिम 32 में लक्ष्मण रावत भी

पुरुष स्नूकर नॉकआउट के अंतिम 32 में लक्ष्मण रावत (पीएसपीबी) ने बीसी कार्तिक (कर्नाटक) को 5–1, ध्वज हरिया (पीएसपीबी) ने अभिषेक आहूजा (दिल्ली) को 5–1, एस. श्रीकृष्ण (पीएसपीबी) ने फैसल खान (आरएसपीबी) को 5–1, एमडी हुसैन (आरएसपीबी) ने अनुराग गिरि (मध्य प्रदेश) को 5–1, पारस गुप्ता (उत्तर प्रदेश) ने शोएब खान (दिल्ली) को 5–2, केतन चावला (मध्य प्रदेश) ने सुमेर मैगो (महाराष्ट्र) को 5–1, मनन चंद्रा (पीएसपीबी) ने राहुल सचदेव (महाराष्ट्र) को 5–2, पंकज आडवाणी (पीएसपीबी) ने दिव्या शर्मा (हरियाणा) को 5–0, आईएच मनुदेव (कर्नाटक) ने ध्रुव पटेल (गुजरात) को 5–4, नितिन शर्मा (चंडीगढ़) ने यूनिस नाजिर (जम्मू-कश्मीर) को 5–3, सौरव कोठारी (पीएसपीबी) ने विजय निचानी (तमिलनाडु) को 5–1, आदित्य मेहता (पीएसपीबी) ने ऋतिक जैन (एमपी) को 5–1, बृजेश दामानी (पीएसपीबी) ने उजैर खान (एमपी) को 5–3, पांडुरंगैय्या (आरएसपीबी) ने अनमोलदीप सिंह (पंजाब) को 5–1, मलकीत सिंह (आरएसपीबी) ने ओवैस कमरान (राजस्थान) को 5–3 और रयान रज्मी (महाराष्ट्र) ने दिग्विजय कादियान (हरियाणा) को 5–4 से हराया।

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.72/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/2025-26, DATED24.12.2025 (ONLINETENDERIDNO.2025_HBC_492759_1) | बोली खुलने की तिथि 16.01.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.01.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 20/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 17.12.2025 ONLINETENDERID2025B59F8A6026064E29935B665AD8069DCC968HVP / 2025_HBC_490998_1 | बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.01.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | 19/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 17.12.2025 ONLINETENDERID2025B93E3DFA019149179058793D6E43DFA2968 HVP/2025_HBC_490990_1 | बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.01.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | 22/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 06.01.2026 ONLINETENDERID2026649FE354BA504C8F8671C1E5C3D2CD968HVP/2026_HBC_495205_1 | बोली खुलने की तिथि 06.01.2026 (17:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.01.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/42133/I/88/7 दि. 16.01.26

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




अमेरिका ने मामले पर पिछले साल 28 अक्टूबर को भारत को भेजा था बिना शर्त छूट देने वाला एक पत्र

# अमेरिकी आक्रामकता के बावजूद चाबहार बंदरगाह में जारी भारत का निर्माण कार्यः जायसवाल

**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

अमेरिकी पक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है भारत

ईरान में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी सरकार

बीते कुछ वक्त से ईरान में बढ़ती जा रही अमेरिका की आक्रामकता के बीच भारत द्वारा चाबहार परियोजना से अपने हाथ पीछे खींचने को लेकर सामने आ रही सूचना को शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुरजोर अंदाज में खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के बीच अमेरिका के वित्त (ट्रेजरी) विभाग ने पिछले साल 28 अक्टूबर 2025 को भारत को एक पत्र भेजा था। जिसमें उन्होंने हमें 'बिना किसी शर्त के साथ छूट' (अनकंडीशनल वेवर) प्रदान की है। पत्र की वैधता 26 अप्रैल 2026 तक की है। भारत इस व्यवस्था को लेकर अमेरिकी पक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। रणधीर जायसवाल ने राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी है।

## चाबहार बंदरगाह का रणनीतिक महत्व



गौरतलब है कि चाबहार बंदरगाह ओमान की खाड़ी के तट पर दक्षिण-पूर्वी ईरान में स्थित चाबहार शहर में स्थित एक बंदरगाह है। जिसे ईरान के एकमात्र समुद्री बंदरगाह के रूप में भी जाना जाता है। यह भारत के लिए रणनीतिक और आर्थिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसकी मदद से भारत, पाकिस्तान को दरकिनार कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का एक सीधा समुद्री मार्ग मिलता है। जिससे व्यापार के मामले में न केवल समय और लागत घटती है। बल्कि पाकिस्तान द्वारा अवैध ढंग से कब्जा किए हुए कश्मीर (पीओके) में बनाए जा रहे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) की परियोजना के बीच संतुलन स्थापित करने में मदद मिलती है। साथ ही यह पश्चिमी कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत चाबहार बंदरगाह में जारी निर्माण कार्य से वर्ष 2004 से जुड़ा हुआ है।

## भारतीयों के कल्याण के लिए उठाएंगे कदम

उन्होंने मौजूदा चिंताजनक हालातों में ईरान में रह रहे भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी को लेकर कोई सरकारी अभियान चलाने से जुड़े प्रश्न पर कहा कि ईरान में अभी हमारे लगभग 9 हजार नागरिक रहते हैं। जिसमें ज्यादातर छात्र, तीर्थयात्री, व्यापारी और नाविक हैं। लेकिन तेहरान सहित अन्य जगहों पर जारी हर छोटी-बड़ी गतिविधि या घटनाक्रम पर हमारी बारीक नजर बनी हुई है। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए सभी जरूरी उठाएगा। पिछले दिनों हमने इस संबंध में 2 से 3 एडवाइजरी भी जारी की हैं, जिनमें कुछ में हमने अपने लोगों को फिलहाल ईरान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी है। जबकि कुछ में उनसे कहा गया है कि अगर वो ईरान छोड़कर भारत वापस आना चाहते हैं। तो वहां पर मौजूद यातायात के किसी भी साधन का इस्तेमाल कर वो ऐसा कर सकते हैं। ईरान ने वाणिज्यिक उड़ानों पर रोक नहीं लगाई है। ऐसे में भारतीय इनका इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके अलावा तेहरान में भारत के दूतावास के अलावा अन्य जगहों पर जो हमारी राजनयिक सुविधाएं हैं। वह देश के 9 हजार नागरिकों से अलग-अलग तरह से संपर्क कर रहे हैं। एक प्रकार से हम अपने लोगों की पूरी देखभाल कर रहे हैं।

### भारत-ईरान के बीच दीर्घकालिक भागीदारी

रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत और ईरान के बीच दीर्घकालिक भागीदारी है। वर्तमान में भी हम इस भागीदारी को ऐसे ही आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका द्वारा 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा को लेकर बने हुए घटनाक्रम पर भारत की पैनी नजर बनी हुई है। बीते वित्त वर्ष में भारत का ईरान के साथ द्विपक्षीय व्यापार 1.6 बिलियन डॉलर था। जिसमें हमारे द्वारा ईरान को किया गया निर्यात 1.2 बिलियन डॉलर था। जबकि ईरान से भारत को किया गया आयात .4 बिलियन डॉलर का रहा है। उन्होंने बताया कि भारत के कुल वैश्विक व्यापार में ईरान की भागीदारी 0.15 फीसदी है।







